www.tamsasanket.com
वर्षः 29 || अंक 216 || अम्बेडकरनगर
गुरूवार
29 अक्टूबर 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव

दैनिक तमसा संकेत

https://epaper.tamsasanket.com
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:13
सूर्यास्तः 05:26
अधिकतमः 29°00
न्यूनतमः 22°00



पेज 07

विशेष समाचार
केरल की वृद्ध संरक्षण पहल ... >>पेज 04
पीएनबी बैंक में खातों से ... >>पेज 06
फिल्म 'ऑपरेशन सिंदूर' में ...

सबसे निचले कर्मचारी को 540 और कैबिनेट सचिव लेवल के अफसर को 7500 महीने का फायदा

केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 3% बढ़ा

बढ़ोतरी

अप्रैल में सरकार ने डीए में 2% की बढ़ोतरी की थी। इसके साथ ही महंगाई भत्ता 60% पर पहुंच गया था।

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्र सरकार के 48 लाख कर्मचारियों और 68 लाख पेंशनर्स की दिवाली थोड़ी और रोशन हो गई है। सरकार ने त्योहार से ठीक 10 दिन पहले उनके महंगाई भत्ते में 3% बढ़ोतरी कर दी है।

ताजा बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों और पेंशनर्स का महंगाई भत्ता यानी DA 63% हो जाएगा। सरकार इस पर 10 हजार करोड़ खर्च करेगी।

बुधवार 28 अक्टूबर को कैबिनेट ने नई दरें 1 जुलाई, 2026 से लागू करने को मंजूरी दी है। पिछले महीनों का एरियर भी दिवाली से पहले खाते में भेजा जाएगा।

>> (शेष पेज 06 पर)



1 जुलाई 2026 से मिलेगा बढ़ोतरी का लाभ

केंद्र सरकार साल में दो बार यानी जनवरी और जुलाई में महंगाई भत्ते और महंगाई राहत की दरों में संशोधन करती है। इसका उद्देश्य बढ़ती महंगाई के असर को कम करना है। इस बार जुलाई 2026 के संशोधन के तहत DA में 3 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले कर्मचारियों को मूल वेतन का 60 फीसदी महंगाई भत्ता मिल रहा था, जो अब बढ़कर 63 फीसदी हो गया है।

- केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए बड़ी खुशखबरी है
- केंद्र सरकार ने महंगाई भत्ते में 3 फीसदी बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है
- इस बढ़ोतरी के बाद केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता मौजूदा 60 फीसदी से बढ़कर 63 फीसदी हो गया है

साल में दो बार रिवाइज होता है भत्ता

केंद्र सरकार हर साल कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए डीए और डीआर में दो बार संशोधन करती है। पहला संशोधन आमतौर पर जनवरी से और दूसरा जुलाई से प्रभावी होता है। सरकार ऑल इंडिया कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (AICPI-IW) के आंकड़ों के आधार पर महंगाई का आकलन करती है और उसी अनुपात में भत्ते बढ़ाने का निर्णय लेती है। DA सरकारी कर्मचारियों के रहन-सहन के खर्च को संतुलित करने के लिए दिया जाने वाला अलाउंस है। यह कर्मचारी की बेसिक सैलरी के प्रतिशत के रूप में तय होता है।

DA बढ़ने से हर महीने ₹7,500 तक सैलरी बढ़ेगी

पे-लेवल	बेसिक सैलरी	हर महीने बढ़ोतरी (3% DA)	3 महीने का एरियर	दिवाली से पहले फायदा
लेवल 1 (प्यून)	₹18,000	₹540	₹1,620	₹2,160
लेवल 2	₹19,900	₹597	₹1,791	₹2,388
लेवल 3	₹21,700	₹651	₹1,953	₹2,604
लेवल 4	₹25,500	₹765	₹2,295	₹3,060
लेवल 5	₹29,200	₹876	₹2,628	₹3,504
लेवल 6	₹35,400	₹1,062	₹3,186	₹4,248
लेवल 7	₹44,900	₹1,347	₹4,041	₹5,388
लेवल 8	₹47,600	₹1,428	₹4,284	₹5,712
लेवल 9	₹53,100	₹1,593	₹4,779	₹6,372
लेवल 10	₹56,100	₹1,683	₹5,049	₹6,732
लेवल 11	₹67,700	₹67,700	₹2,031	₹6,093
लेवल 12	₹78,800	₹78,800	₹2,364	₹7,092
लेवल 13	₹1,23,100	₹3,693	₹11,079	₹14,772
लेवल 13A	₹1,31,100	₹3,933	₹11,799	₹15,732
लेवल 14	₹1,44,200	₹4,326	₹12,978	₹17,304
लेवल 15	₹1,82,200	₹5,466	₹16,398	₹21,864
लेवल 16	₹2,05,400	₹6,162	₹18,486	₹24,648
लेवल 17	₹2,25,000	₹6,750	₹20,250	₹27,000
लेवल 18 (कैबिनेट सचिव)	₹2,50,000	₹7,500	₹22,500	₹30,000

कर्मचारियों की सैलरी कितनी बढ़ेगी?

DA में 3 फीसदी की बढ़ोतरी का सीधा फायदा कर्मचारियों की सैलरी पर पड़ेगा। उदाहरण के तौर पर, अगर किसी कर्मचारी का मूल वेतन 30,000 रुपये है, तो पहले उसे 18,000 रुपये महंगाई भत्ता मिलता था। अब 63 फीसदी की दर से यह रकम बढ़कर 18,900 रुपये हो जाएगी। यानी कर्मचारी को हर महीने 900 रुपये अतिरिक्त मिलेंगे। इसी तरह, मूल वेतन जितना अधिक होगा, DA में बढ़ोतरी के कारण मिलने वाली अतिरिक्त रकम भी उतनी ही ज्यादा होगी।

राहुल बोले- टाटा ग्रुप को बर्बाद किया जा रहा

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि टाटा ग्रुप को क्रिमिनल तरीके से बर्बाद किया जा रहा है। कोई भी बिजनेस लीडर एक शब्द भी कहने की हिम्मत नहीं कर रहा है। उन्होंने X पर लिखा- इंडियन बिजनेस सरकार का खिलौना नहीं है। हम इन अपराधों का इंसाफ करेंगे। इसके जवाब में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि राहुल अविश्वास फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें हर मुद्दे का राजनीतिक-रण करने से बचना चाहिए।

तूफान अर्नब से आंध्रप्रदेश में तबाही, पांच की हुई मौत

57 हजार लोग शिफ्ट, 50 ट्रेनें-21 फ्लाइट रद्द

तमसा संकेत, एजेंसी

विशाखापट्टनम/भुवनेश्वर/हैदराबाद/चेन्नई । बंगाल की खाड़ी से उठा चक्रवाती तूफान 'अर्नब' मंगलवार देर रात 3:30 बजे आंध्र प्रदेश के तट से टकराया। यहां 125 से 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाओं के साथ भारी बारिश हो रही है। आंध्र प्रदेश में 5 मौतें हुई हैं।

राज्य के 31 घरों को नुकसान पहुंचा। 57 हजार लोगों को शिफ्ट किया गया है। तूफान के कारण 50 ट्रेनें और विजयवाड़ा-विशाखापट्टनम एयरपोर्ट पर 21 फ्लाइट्स रद्द की गईं। 13 शहरों में अचानक बाढ़ आने का अलर्ट जारी किया गया है।

>> (शेष पेज 06 पर)

मोदी का तंज- वोटिंग बैलेट से हुई, तो भी कितनी सीटें मिलीं

एमएलसी चुनाव में कांग्रेस को जीरो सीटें

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/ पटना/ बेंगलुरु/ मुंबई। MLC चुनावों के रिजल्ट पर पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसा है। उन्होंने कहा, '4 बड़े राज्यों- उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और कर्नाटक में 28 सीटों पर MLC चुनाव हुए। चुनाव बैलेट पेपर से हुए। अंदाजा लगाइए कांग्रेस ने कितनी सीटें जीतीं।'

दरअसल, पहले इन 28 सीटों में से कांग्रेस के पास 4 सीटें थीं। पार्टी इन चुनावों में एक भी सीट नहीं जीत पाई है। कांग्रेस समेत पूरे विपक्ष का आरोप है कि भाजपा EVM में हेरफेर कर चुनाव जीतते आ रही है। हाल के SIR के विरोध के दौरान भी विपक्ष ने भाजपा और चुनाव आयोग पर वोट चोरी कर चुनाव जीतने का आरोप लगाया। लोकसभा और विधानसभा चुनाव EVM से कराने की मांग कर रहा है।

>> (शेष पेज 06 पर)

बिहार: पटना स्नातक सीट पर नीरज जीते

बिहार विधान परिषद की 8 सीटों में से 6 सीटों का रिजल्ट आ गया है। पटना स्नातक सीट से जदयू के नीरज कुमार जीत गए हैं। वहीं कोसी स्नातक सीट पर बीजेपी के एनके यादव ने जीत की हैट्रिक लगाई है। नीरज कुमार की खिलाफत कर रहे अनंत सिंह ने कहा, 'मुझे वक्त नहीं मिला। मैं नीरज को जीत की बधाई नहीं दूंगा। मेरी नाराजगी पार्टी से नहीं नीरज से है।' वहीं तिरहुत स्नातक सीट से वंशीधर लगातार आगे चल रहे हैं।

फास्ट न्यूज

आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में पेड़-पोल गिरे, सड़कें उखड़ीं

नई दिल्ली। चक्रवात अर्नब ने आंध्र प्रदेश के तट पर दस्तक दे दी है। इसके असर से आंध्र प्रदेश के कई इलाकों में भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। काकीनाडा में सड़कों पर पानी भर गया, बिजली के पोल गिर गए ।

विवाद आपत्ति

चुनाव आयोग फॉर्म 6, 7,8 में बदलाव नहीं कर सकता

नई दिल्ली। दिल्ली में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयोग से सवाल किए। कोर्ट ने पूछा कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से बाहर करीब 43 लाख मतदाताओं में जिनके नाम 'शिफ्टेड या अनुपस्थित' श्रेणी में दर्ज हैं, उन्हें दोबारा नाम जुड़वाने के लिए Form-6 भरने को क्यों कहा जा रहा है। यह फॉर्म नए मतदाताओं के रजिस्ट्रेशन के लिए होता है, जबकि ये लोग पहले से ही वोटर लिस्ट में शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि फॉर्म 6, 7 और 8 में बदलाव नहीं किया जा सकता है।

एमपी यूपी, राजस्थान, बिहार में अगले दो दिन बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली। अर्नब तूफान भले ही आंध्र प्रदेश के समुद्री तटों से टकराया हो, लेकिन इसका असर देश के अन्य राज्यों में भी पड़ रहा है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड में अगले दो दिन मौसम पूरी तरह बदल जाएगा। अभी तक इन राज्यों में तेज धूप निकल रही थी, लेकिन अब आसमान में बादल छाए हुए हैं।

विपक्ष घोस्ट वोटर्स लिस्ट चाहता था : नितिन नवीन

ताकि उनकी राजनीति चलती रहे, एसआईआर ने ये गड़बड़ी सुधारी

बयान

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को दिल्ली में कहा कि, SIR के जरिए वोटर्स लिस्ट में सुधार किया गया है। ऐसे मतदाता हैं जिनकी मौत हो चुकी है, लेकिन उनके नाम मतदाता सूची में बने हुए हैं।

कुछ लोगों के नाम दो जगहों की मतदाता सूची में दर्ज हैं। ऐसे करोड़ों मतदाता हैं जिनके नाम एक से अधिक बार दर्ज हैं, जबकि कई अन्य लोगों का पता नहीं लगाया जा सकता। इसे ही 'घोस्ट वोटर्स लिस्ट' कहा जाता है।

वे (विपक्ष) चाहते थे कि ऐसी मतदाता सूची बनी रहे, ताकि उनके राजनीतिक हित पूरे होते रहें। लेकिन हम व्यवस्था को साफ करने में विश्वास रखने वाले लोग हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

- नितीन नवीन बोले- लोकतंत्र सुरक्षित हाथों में है
- रेखा गुप्ता बोलीं- विपक्ष सत्ता परिवर्तन का ख्याल छोड़ दे

गोरखपुर में भाजपा सिर्फ 276 वोट से जीती

निर्दलीय प्रत्याशी रो पड़े, कहा- 1000 वोटों की चोरी हुई, 11 सीटों में भाजपा 6, सपा 3 जीती

परिणाम

- 23 अक्टूबर को प्रदेश के 5 स्नातक और 6 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव हुआ था। इसमें कुल 152 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान बैलेट पेपर से कराया गया था।

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी में विधान परिषद (MLC) चुनाव की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। शिक्षक और स्नातक कोटे की 11 सीटों में से 9 के नतीजे घोषित हो चुके हैं। भाजपा ने 6 और सपा ने 3 सीटें जीती हैं। गोरखपुर में भाजपा के ध्रुव त्रिपाठी हारते-हारते 307 वोटों से जीत गए। उन्हें निर्दलीय राजीव यादव ने कड़ी टक्कर दी। अपनी हार पर राजीव रो पड़े। काशी में भाजपा को झटका लगा है। यहां शिक्षक सीट पर हार मिली है, जबकि स्नातक सीट पर प्रत्याशी पीछे चल रहा है। दोपहर 4 बजे भाजपा कार्यकर्ताओं ने मतगणना स्थल पर हंगामा कर दिया। बैरिकेडिंग उठाकर फेंक दी। पुलिस से नोकझोंक हुई।

>> (शेष पेज 06 पर)

वाराणसी में भाजपा का हंगामा, बोले- प्रेक्षक धांधली करा रहे अखिलेश बोले- एमएलसी चुनाव में भाजपा ऑल आउट

वाराणसी में भाजपा प्रत्याशी केदारनाथ सिंह धरने पर बैठे, एजेंटों ने की नारेबाजी

वाराणसी में एमएलसी चुनाव की मतगणना के बीच भाजपा प्रत्याशी केदारनाथ सिंह मतगणना स्थल के बाहर धरने पर बैठ गए। भाजपा के सभी एजेंट भी बाहर आ गए और जमकर नारेबाजी की।

शिक्षक और स्नातक एमएलसी चुनाव के प्रेक्षक पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया गया कि प्रांजल यादव सपा सरकार में वाराणसी के डीएम रह चुके हैं और उनकी सपा नेताओं से करीबी है।

वाराणसी में भाजपा ने मतगणना का बहिष्कार किया

वाराणसी में भाजपा ने मतगणना का बहिष्कार कर दिया है। नेता विकास सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा पक्ष के मतों को अवैध घोषित किया जा रहा है, जबकि दूसरे पक्ष के मतों को वैध माना जा रहा है।

विकास सिंह ने सवाल उठाया कि जब उनका एजेंट टेबल पर मौजूद नहीं था, तो मतों की गिनती क्यों की गई? उन्होंने मांग की कि एजेंट की मौजूदगी में ही मतों की गिनती कराई जाए, ताकि प्रक्रिया पारदर्शी रहे।

उन्होंने कुछ कर्मचारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे मतगणना की पारदर्शिता प्रभावित हो रही है।

दुर्घटना : कई डिब्बे मलबे में बदले, इन ट्रेनों की एवरेज स्पीड 200 किलोमीटर प्रतिघंटा से ज्यादा

स्पेन में हाई स्पीड ट्रेनें टकराईं, 64 की मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

मैड्रिड। स्पेन के टोलेडो प्रांत में बुधवार को दो हाई स्पीड ट्रेनें टकरा गईं। डीडी न्यूज के मुताबिक, हादसे में 64 लोगों की मौत हो गई, जबकि 179 लोग घायल हुए हैं। राहत और बचाव के लिए इमरजेंसी और मेडिकल टीमें मौके पर पहुंचीं।

स्पेनिश मीडिया के मुताबिक, हादसा स्थानीय समयानुसार सुबह 9 बजे मोरा और ओरगाज कस्बों के बीच हुआ। एक ट्रेन ने दूसरी को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कई डिब्बे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद राजधानी मैड्रिड को दक्षिणी अंदालूसिया क्षेत्र से जोड़ने वाली रेल लाइन बंद कर दी गई। दोनों ट्रेनें सरकारी कंपनी रेनफे और निजी कंपनी इर्यो (Iryo) की थीं। इन ट्रेनों की रफ्तार आमतौर पर 200 किमी/घंटे से ज्यादा होती है। स्पेन में इसी साल जनवरी में भी इन्हीं दोनों कंपनियों की ट्रेनें टकराई थीं। हादसा अंदालूसिया के अदामुज के पास हुआ था।

>> (शेष पेज 06 पर)





मैड्रिड में ट्रेन यात्रियों का इंतजार बढ़ा

यह साफ नहीं है कि हादसा किस वजह से हुआ। जांच की जाएगी कि ट्रेन समय पर क्यों नहीं रुकी। क्या सिग्नल सिस्टम में खराबी थी या ड्राइवर ब्रेक लगाने में चूक गया, इसकी भी जांच होगी। जांच में यह भी देखा जाएगा कि टक्कर से पहले ये सिस्टम काम कर रहे थे या नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक, रेनफे ट्रेन का ड्राइवर अभी लापता है। ट्रेन ड्राइवरों के संगठनों ने हादसे को असामान्य बताया है।

राहत और बचाव कार्य जारी

स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने कहा कि इस हादसे की खबर सुनकर वे सदमे में हैं। राहत और बचाव दल मौके पर मौजूद हैं और हादसे में प्रभावित लोगों की मदद कर रहे हैं। टोलेडो के पास उर्दा शहर के मेयर मैनुअल गालान ने बताया कि बचाव दल ने उनसे घायलों के इलाज और देखभाल के लिए एक स्पोर्ट्स हॉल तैयार रखने को कहा है।

इलाहाबाद एचसी में नारेबाजी करने वाले वकीलों की सीसीटीवी से होगी पहचान

आदेश

अवमानना का दर्ज हो सकता है मामला

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उस घटना का कड़ा संज्ञान लिया है, जिसमें वकीलों ने कोर्ट परिसर के अंदर नारेबाजी कर न्यायिक कार्यवाही को बाधित किया था। कोर्ट ने इस आचरण को अवमाननापूर्ण मानते हुए तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया है। रजिस्ट्रार (प्रोटोकॉल) को निर्देश दिया गया है कि वे कोर्ट रूम के बाहर लगे CCTV कैमरों के फुटेज की तुरंत जांच करें और इस गड़बड़ी में शामिल वकीलों की पहचान करें। इस संबंध में एक रिपोर्ट जल्द से जल्द प्रस्तुत करने को कहा गया है। पहचान होने के बाद, इस मामले को वकीलों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए उत्तर प्रदेश बार काउंसिल को भेजा जाएगा। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही भी शुरू की जा सकती है, जो स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है।

>> (शेष पेज 06 पर)



- न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकल पीठ ने याचिकाकर्ता देवेंद्र कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया, जो न्यायिक प्रक्रिया में ऐसे व्यवधानों के खिलाफ कोर्ट के कड़े रुख को उजागर करता है।

लखनऊ में बारिश 3 दिन भारी बारिश का अलर्ट, आंधी-ओले भी गिरेंगे, ठंड बढ़ेगी

यूपी में अर्नब तूफान का असर शुरू

अलर्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ । बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान 'अर्नब' का असर यूपी में भी दिखने लगा है। बुधवार दोपहर लखनऊ और आसपास के जिलों में अचानक मौसम बदल गया। लखनऊ में बादल छा गए और बारिश हुई। रायबरेली में भी हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज सोनभद्र, चित्रकूट, प्रयागराज, वाराणसी, मिर्जापुर समेत 14 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

गुरुवार को भी 21 जिलों में भारी बारिश, ओले और 38 जिलों में आंधी, बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अर्नब तूफान के असर से तापमान में 5 से 8 डिग्री तक गिरावट आ सकती है। IIT कानपुर के अर्थ साइंसेज विभाग के प्रोफेसर जावेद एन. मलिक ने बताया कि यूपी में बारिश, तेज हवाओं का असर देखने को मिल सकता है।

अर्नब के असर को देखते हुए प्रदेश के राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने प्रदेश के सभी जिलों के अफसरों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। धान को सबसे ज्यादा नुकसानः BHU के

लखनऊ में दोपहर को अचानक मौसम बदल गया। काले बादल छा गए, कई इलाकों में हल्की बारिश हुई।

आईएमडी और कृषि विभाग ने किसानों के लिए गाइडलाइन जारी की

फसल की तुरंत कटाई और सुरक्षित भंडारणः अगर आपकी धान या मक्के की फसल 80 से 85% तक पक चुकी है, तो 28 अक्टूबर से पहले उसकी कटाई कर लें। काटी गई फसल को खुले खेतों या खलिहानों में न छोड़ें। उसे किसी पक्के शेड या ऊंचे स्थान पर रखकर मजबूत तिरपाल से अच्छी तरह ढंक दें।

खेतों से पानी निकालने का इंतजामः सब्जियों, बागवानी और धान के खेतों में पानी जमा नहीं होने दें। इसके लिए खेतों के कोनों पर नालियां पहले से तैयार कर लें। अगले 3-4 दिन खेत में किसी भी तरह की खाद, कीटनाशक का छिड़काव न करें और न ही सिंचाई करें।

बीमाः अगर तूफानी बारिश से फसल का नुकसान होता है, तो प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा करने वाले किसान 72 घंटे के भीतर टोल-फ्री नंबर 14447 पर अपनी शिकायत जरूर दर्ज कराएं। जिससे समय पर मुआवजा मिल सके।

> अर्नब तूफान की वजह से सबसे ज्यादा नुकसान फसलों को होगा। यह अक्टूबर का आखिरी हफ्ता है। इस समय धान की फसल पक चुकी है और काटी जा रही है। इसके साथ ही गेहूं, आलू, सरसों की बुवाई की तैयारियां चल रही हैं। ऐसे में बेमौसम बारिश और तेज हवाएं किसानों की मेहनत पर पानी फेर सकती हैं।

ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के नोडल अधिकारी प्रो. रवि शंकर सिंह और तकनीकी अधिकारी, मौसम वैज्ञानिक शिव मंगल सिंह ने बताया- धान की फसल इस समय पूरी तरह पककर तैयार है या कटकर खेतों में पड़ी है। तेज हवाओं (40-50 किमी/घंटा) से धान के पौधे खेतों में बिछ जाएंगे। अगर कटे हुए धान पानी में डूब गए, तो दाने काले पड़ जाएंगे और सड़ने लगेंगे।

भारतीय पासपोर्ट पर दुबई घूम आया नेपाली युवक

लखनऊ एयरपोर्ट पर पकड़ा गया, जाली दस्तावेजों से बनवाया था

तमसा संकेत, एजेंसी

सरोजनी नगर, लखनऊ । लखनऊ एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन जांच के दौरान नेपाली यात्री पकड़ा गया। उसने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भारतीय पासपोर्ट बनवाया और उसी से दुबई (यूएई) घूम आया। एयरपोर्ट प्रशासन ने जांच के बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर युवक को हिरासत में लिया है।

कनिष्ठ इमीग्रेशन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक, मंगलवार रात वह आगमन विंग के काउंटर नंबर ए-21 पर ड्यूटी कर रहे थे। दुबई से रात 1 बजे लखनऊ पहुंची एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स 226 के यात्रियों की जांच की जा रही थी।

पासपोर्ट जांच के दौरान यात्री दिलीप कुमार (22) की बातचीत और भाषा से उसके नेपाली नागरिक होने का संदेह हुआ। उसके पासपोर्ट पर नाम दिलीप कुमार, पिता नरेश कुमार और पता सुधना बरसोला, पोस्ट तिकोनिया, लखीमपुर खीरी दर्ज था।

अधिकारियों ने उसे पूछताछ के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के पास भेजा। तलाशी में नेपाली स्थायी लेखा नंबर और नागरिकता प्रमाणपत्र मिला। इन दस्तावेजों में नाम दिनेश खड़का, पिता नरबहादुर खड़का और पता वार्ड नंबर 10, लम्की चूहा पालिका, जिला कैलाली, नेपाल दर्ज था।

फास्ट न्यूज

फैजुल्लागंज में राजस्व वसूली अभियान

लखनऊ। लखनऊ में जानकीपुरम क्षेत्र के अंतर्गत फैजुल्लागंज में बुधवार, 28 अक्टूबर को राजस्व वसूली अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिशासी अभियंता पीके गुप्ता ने अपनी टीम के साथ राजस्व वसूली का कार्य किया। अभियान के तहत संबंधित क्षेत्र में बकाया राजस्व की वसूली पर जोर दिया गया। टीम ने निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वसूली का कार्य किया। इस अभियान का उद्देश्य राजस्व संग्रह की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना और बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित करना रहा।

लखनऊ एयरपोर्ट पर 804 मीटर टैक्सी ट्रैक का उद्घाटन

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर विमानों की आवाजाही आसान बनाने के लिए समानांतर टैक्सी ट्रैक बनाया जा रहा है। बुधवार को 2,864 मीटर लंबे इस ट्रैक के 804 मीटर हिस्से का उद्घाटन हुआ। यह हिस्सा बुधवार रात 12 बजे से विमानों के लिए खुल गया है। पूरे प्रोजेक्ट का काम मार्च 2027 तक पूरा होने की उम्मीद है।

एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के साथ मिलकर बने इस टैक्सी ट्रैक से विमानों का संचालन तेज होगा।

फैजुल्लागंज में राजस्व वसूली अभियान

लखनऊ। लखनऊ में जानकीपुरम क्षेत्र के अंतर्गत फैजुल्लागंज में बुधवार, 28 अक्टूबर को राजस्व वसूली अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिशासी अभियंता पीके गुप्ता ने अपनी टीम के साथ राजस्व वसूली का कार्य किया। अभियान के तहत संबंधित क्षेत्र में बकाया राजस्व की वसूली पर जोर दिया गया। इस अभियान का उद्देश्य राजस्व संग्रह की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना और बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित करना रहा।

बद्री प्रसाद सर्राफा शोरूम में भीषण आग

10 दमकल गाड़ियों ने पाया काबू, तिजोरी में रखे जेवर सुरक्षित

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के आलमबाग स्थित बद्री प्रसाद सर्राफा शोरूम में आग लग गई। धुआं उठता देख आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते धुंआ तेज हो गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।

सीएफओ अंकुश मित्तल ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10:33 बजे कंट्रोल रूम को आग लगने की सूचना मिली। शुरुआत में आलमबाग फायर स्टेशन से दो दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं।

रास्ते में स्थानीय लोगों और सूचना देने वाले व्यक्ति से बातचीत में आग के भीषण होने की जानकारी मिली। इसके बाद सरोजिनी नगर से दो और हजरतगंज व पीजीआई चौक से भी दमकल गाड़ियां रवाना की गईं। कुल 10 दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

दमकल कर्मियों के मुताबिक, शोरूम में रखे सभी जेवर एक तिजोरी (वॉल्ट) के अंदर थे। आग लगने के बावजूद तिजोरी में रखे जेवर पूरी तरह सुरक्षित हैं।

डिप्टी रेंजर के मुंह पर ठेकेदार ने मुक्का मारा

मलिहाबाद । मलिहाबाद क्षेत्र के बड़ीगढ़ी गांव में अवैध रूप से आम के पेड़ काटकर लकड़ी ले जाने की सूचना पर जांच करने पहुंची वन विभाग की टीम के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर चालक से पूछताछ करने के दौरान ठेकेदार आर्यन सिंह और उसके साथियों ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ मारपीट की। ठेकेदार ने डिप्टी रेंजर के मुंह पर मुक्का मार दिया। इस मारपीट में डिप्टी रेंजर के जबड़े और बाईं उंगली में चोट आई। डिप्टी रेंजर ने मलिहाबाद थाने में इसकी लिखित शिकायत दी है। उनके मुताबिक, बुधवार को हुए विवाद के दौरान आरोपियों ने डिप्टी रेंजर देवेंद्र राज के जबड़े पर मुक्का मारा और वन दरोगा अमन वर्मा के साथ गाली-गलौज की। वन विभाग की टीम से मारपीट के बाद ठेकेदार और उसके साथी लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को भी अपने साथ लेकर गए।

3 रात-2 दिन रुकेंगे, बाबा विश्वनाथ के दर्शन और दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती देखेंगे

30 विदेशी पर्यटकों को लेकर काशी पहुंचा 'गंगा विलास'

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। दुनिया की सबसे लंबी नदी यात्रा के लिए चर्चित स्वदेशी लग्जरी रिवर क्रूज 'गंगा विलास' एक बार फिर काशी पहुंच गया है। कोलकाता से रवाना हुआ क्रूज गाजीपुर होते हुए वाराणसी पहुंचा। इसमें जर्मनी, स्विट्जरलैंड समेत कई देशों के 30 पर्यटक सवार हैं।

काशी में तीन रात और दो दिन के प्रवास के दौरान विदेशी मेहमान बाबा विश्वनाथ के दर्शन करेंगे। इसके साथ ही सारनाथ की ऐतिहासिक विरासत देखेंगे और दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल होंगे।

'गंगा विलास' पहली बार जनवरी 2023 में वाराणसी पहुंचा था। उस समय रविदास घाट पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्रूज को वर्चुअल हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

इसके बाद क्रूज असम के डिब्रूगढ़ के लिए निकला था। उस यात्रा में 32 विदेशी पर्यटक सवार थे। क्रूज ने करीब 3,200 किलोमीटर की दूरी 51 दिनों में तय की थी।'गंगा विलास' की यात्रा में नदियों के साथ ऐतिहासिक स्थलों, धार्मिक केंद्रों और प्राकृतिक दृश्यों को देखने का अवसर मिलता है। इसका निर्धारित मार्ग गंगा-भागीरथी-हुगली नदी प्रणाली, भारत-बांग्लादेश प्रोटोकॉल रूट और ब्रह्मपुत्र नदी से होकर गुजरता है। यात्रा में गंगा, भागीरथी, हुगली, मेघना, पद्मा, जमुना और ब्रह्मपुत्र समेत कई नदियां शामिल हैं।

काशी में क्रूज का हुआ स्वागत।

विश्वनाथ मंदिर से सारनाथ तक करेंगे भ्रमण

क्रूज के आगमन को लेकर मल्टी मॉडल टर्मिनल पर तैयारियां की गईं। पर्यटकों के काशी भ्रमण के लिए व्यवस्था की जा रही है। क्रूज संचालित करने वाली कंपनी हेरिटेज रिवर जर्नी (अंतरा) के चेयरमैन राज सिंह के मुताबिक, पर्यटक काशी के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे। वापसी में कोलकाता जाने वाले 17 पर्यटकों में 12 विदेशी और पांच भारतीय शामिल होंगे।

लखीमपुर में बोले स्वतंत्र देव, केशव ने कहा- पहले पुलिस अपराधियों से डरती थी

'मोदी-योगी को छोड़ा तो माथे पर टीका नहीं रहेगा'

तमसा संकेत, एजेंसी

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर खीरी में मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि अगर मोदी-योगी को छोड़ा तो माथे पर टीका नहीं बचेगा। अगर आज आप सुरक्षित महसूस करते हो तो ये योगी जी की देन है। अगर आस्ट्रेलिया में भी आपका बच्चा फंसा है तो मोदी जी उसे निकालकर हिंदुस्तान लाते हैं।

इसलिए मित्रों सभी को छोड़ देना। जातिवाद, क्षेत्रवाद, व्यक्तिवाद, परिवारवाद, वंशवाद सभी को छोड़ देना। एक ही बात देखना- राष्ट्रवाद। नहीं तो श्रीनगर के चौक पर तिरंगा झंडा नहीं लहराएगा।

वहीं, डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा कि पहले अपराधी पुलिस से

नहीं बल्कि, पुलिस अपराधियों से डरती थी। दरअसल, बुधवार को गोला गोकर्णनाथ के कबीरधाम में कबीर महोत्सव का आयोजन किया गया है। यहां लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल भी शामिल होने पहुंचे हैं। कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद मंत्री स्वतंत्रदेव और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शाम 4:30 बजे लखनऊ के लिए रवाना होंगे। शाम 5:40 बजे लखनऊ पहुंचेंगे। VIP मूवमेंट को देखते हुए सभी रास्तों पर पुलिस फोर्स तैनात की गई है। स्वतंत्र देव सिंह ने कहा- अगर तुम सुरक्षित महसूस करते हो तो ये योगी जी की देन है। अगर आस्ट्रेलिया में भी आपका बच्चा फंसा है तो मोदी जी उसे निकालकर हिंदुस्तान लाते हैं। इसलिए सभी को छोड़ देना मित्रों। जातिवाद, क्षेत्रवाद, व्यक्तिवाद, परिवारवाद, वंशवाद सभी को छोड़ देना।

डिप्टी सीएम और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला हेलीपैड से पैदल ही मंच तक गए।

केशव बोले- 2047 तक कमल खिलता रहेगा

डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में अपराधियों का आतंक था। लोगों की जमीनों पर कब कब्जा हो जाए, इसका कोई ठिकाना नहीं था। उस समय अपराधी पुलिस से नहीं डरते थे, बल्कि पुलिस अपराधियों से डरती थी। देश में राहुल और प्रदेश में अखिलेश यादव की सरकार नहीं आने वाली। 2047 तक विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश बनने तक सुशासन, विकास और गरीब कल्याण का कमल खिलता रहेगा।

ओम बिरला बोले- किसी को कर्मों से याद किया जाता है

ओम बिरला ने कहा कि लोकतंत्र में विचार और दृष्टिकोण अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन असहमतियों का भी सम्मान होना जरूरी है। हमें ऐसी वाणी का प्रयोग नहीं करना चाहिए, जिससे किसी के मन में घृणा का भाव पैदा हो।

लोकसभा स्पीकर ने कहा कि किसी व्यक्ति को उसके पद से नहीं, बल्कि कर्मों से याद किया जाता है। संत कबीरदास के विचार आज करीब 600 साल बाद भी प्रासंगिक हैं और समाज को सही दिशा दिखाने का काम कर रहे हैं।

ई-रिक्शा की टक्कर से छह वर्षीय गौरी की मौत

चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में छह वर्षीय मासूम बच्ची की सड़क हादसे में मौत के मामले में पुलिस ने ई-रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बच्ची को झंझरा मार्ग पर तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई थी। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई थी।

पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक, बिहार के नवादा जनपद अंतर्गत काशीचक भट्ठा गांव निवासी राजू पुत्र सोहराज वर्तमान में बाराबंकी जिले के मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र स्थित जयसिंहपुर कोल्ड स्टोर में काम करते हैं। उनकी छह वर्षीय पुत्री गौरी 27 अक्टूबर 2026 की सुबह करीब 7:30 बजे कोल्ड स्टोर के गेट के पास खेल रही थी। इसी दौरान झंझरा मार्ग की ओर से आ रहा ई-रिक्शा संख्या UP41CT1274 का चालक कथित तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए पहुंचा और बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी गंभीर थी कि गौरी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। मासूम की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भी शोक का माहौल रहा।

मामले में बच्ची के पिता राजू ने मोहम्मदपुर खाला थाने पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरीर दी और आवश्यक कार्रवाई की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित ई-रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

बवाल : एलडीए ने शाम को सील किया था, मां ने कहा था- हत्यारों को खत्म कर दो

ट्रिपल मर्डर के हत्यारोपी के घर की बाउंड्री गिराई

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । दिनदहाड़े हुए ट्रिपल मर्डर के बाद मंगलवार को जमकर बवाल हुआ। पोस्टमॉर्टम के बाद पिता-बेटे और भाई का शव घर पहुंचते ही लोगों ने सड़क जाम कर दी। इस बीच डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी मृतकों के घर पहुंचे। उन्हें देखते ही लोगों ने 'बुलडोजर शासन सो गया' जैसे नारे लगाए। लेकिन, डिप्टी सीएम चुपचाप हाथ जोड़ते हुए घर के अंदर परिवार से मिलने चले गए।

इसके बाद डिप्टी सीएम ने ऐलान किया कि शिवेंद्र तिवारी उर्फ शंभु की पत्नी रुचि तिवारी को सरकारी नौकरी दी जाएगी। बेटी की पढ़ाई आजीवन फ्री होगी। परिवार को सुरक्षा मिलेगी। आरोपियों पर रासुका (NSA) के तहत कार्रवाई होगी।

एलडीए बोला- सड़क की जमीन पर बनाई थी बाउंड्री

LDA के अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के घर की बाउंड्री का हिस्सा सड़क की जमीन पर बना था। इस वजह से कार्रवाई की गई। बाउंड्री गिराने के बाद बुलडोजर वापस चला गया है। आगे की कार्रवाई ध्वस्तीकरण के आदेश के बाद होगी।

डिप्टी सीएम के ऐलान के 6 घंटे के अंदर रात 10 बजे लखनऊ विकास प्राधिकरण (LDA) के बुलडोजर से घर की बाउंड्री गिरा दी गई। शाम को LDA के अधिकारियों ने उसके घर को सील किया था। इससे पहले आरोपी के चाचा आदि परिवारवालों के घरों से सामान हटाकर बाहर कर दिए गए।

कार पार्किंग और चबूतरे के विवाद में 3 लोगों की हत्या हुई थी

सआदतगंज के ब्राह्मण टोला में सोमवार सुबह कार पार्किंग और चबूतरे को लेकर ऋषभ शुक्ला (30) ने 3 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक शिवाजी तिवारी (62) सचिवालय के रिटायर्ड कर्मचारी थे। RSS के जिला सर कार्यवाह भी रहे थे। शिवाजी के भाई शिवेंद्र तिवारी उर्फ शंभु लखनऊ यूनिवर्सिटी में काम करते थे। शिवाजी का बेटा सुयश (30) का बिजली के सामान का कारोबार था। 5 दिसंबर को उसकी शादी होनी थी। आरोपी ऋषभ मर्चेंट नेवी में नेविगेशन अफसर था।

डिप्टी सीएम के आश्वासन के बाद घरवाले तीनों शवों को अंतिम संस्कार के लिए ले जाने को तैयार हुए। डिप्टी सीएम ने भी अर्थी को कंधा दिया और चिता पर लकड़ी लगाई। पोस्टमॉर्टम के करीब 5 घंटे बाद तीनों शवों का गुलाला घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

> डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने परिजनों की मांगें मानते हुए सारी मांगों को मीडिया के सामने पढ़ा। इसके बाद परिजन मान गए और तीनों अर्थियां एकसाथ उठाई गईं। ब्रजेश पाठक और नीरज सिंह ने भी एक अर्थी को कंधा दिया।

राजधानी के गोमती में एक लाख मछलियां छोड़ी गईं

बीच धारा में नाव में बैठकर डिप्टी सीएम और निषाद ने मछलियां छोड़ी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के लक्ष्मण पार्क के पास बुधवार को गोमती नदी में एक लाख मत्स्य अंगुलिकाएं यानी मछलियों के बच्चों को छोड़ा गया। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और मत्स्य मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद मौजूद रहे। दोनों ने नदी में मछलियों के बच्चों को प्रवाहित किया।

इस पहल का उद्देश्य गोमती नदी में मछलियों की संख्या बढ़ाना और मत्स्य संसाधनों का संरक्षण करना है। इससे जलीय जीवों के संरक्षण के साथ मत्स्य उत्पादन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में नदी के मत्स्य संसाधनों के संवर्धन पर जोर दिया गया।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने

कहा कि नदियां हमारी जीवनरेखा और प्राकृतिक धरोहर हैं। गोमती नदी की स्वच्छता, जलीय जीवों की सुरक्षा और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रदेश सरकार नदियों के संरक्षण, जलीय जीवों की सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम के तहत गोमती नदी में भारतीय मेजर कार्प प्रजाति की मछलियों के बच्चों को प्रवाहित किया गया। इस पहल का उद्देश्य मछलियों का संरक्षण करना और नदी में उनकी संख्या बढ़ाने में मदद करना है। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को नदी और जलीय जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास भी किया गया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि नदियां हमारी जीवनरेखा और प्राकृतिक धरोहर हैं। गोमती नदी की स्वच्छता, जलीय जीवों की सुरक्षा और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रदेश सरकार नदियों के संरक्षण, जलीय जीवों की सुरक्षा और पर्यावरणीय संतुलन को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अंबेडकरनगर पहुंचे कैबिनेट मंत्री ने सरकारी नौकरियों में मुस्लिम भागीदारी घटने का किया दावा

मुस्लिम समाज की तरक्की पर बात करें मौलाना : ओपी राजभर

चर्चा

कांग्रेस-सपा समेत विपक्षी दलों पर भी हमला

बृजेंद्र वीर सिंह

ओमप्रकाश राजभर ने मदनी पर साधा निशाना अखिलेश यादव से गोरखपुर के चुनावी घटनाक्रम पर मांगा जवाब

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने बुधवार को अंबेडकरनगर पहुंचकर मौलाना अरशद मदनी और विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने मुस्लिम समाज की सामाजिक और आर्थिक स्थिति का मुद्दा उठाया। कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सरकारी नौकरियों पर चर्चा होनी चाहिए। उनके मुताबिक, मौलवी-मौलाना इन मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय राजनीतिक दलों के पक्ष में वोट दिलाने में लगे रहते हैं। उन्होंने मुस्लिम समाज के पिछड़ेपन के लिए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की राजनीति पर भी सवाल उठाए।

मस्जिदों और अन्य धार्मिक स्थलों पर कार्रवाई के सवाल पर उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई अदालत के आदेशों के तहत की जाती है। हाईकोर्ट सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने का आदेश देता है तो सरकार को उसका पालन करना पड़ता है। उन्होंने मौलाना अरशद मदनी को अदालत के आदेशों का अध्ययन करने की सलाह भी दी। कैबिनेट मंत्री ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और शिवसेना समेत विपक्षी दलों पर देश में अराजकता का माहौल बनाने और सरकार को बदनाम करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उनके बयान में मुस्लिम समाज की स्थिति, धार्मिक नेताओं की भूमिका और विपक्ष की राजनीति प्रमुख मुद्दे रहे।

सरकारी नौकरियों में भागीदारी एक प्रतिशत से कम होने का दावा

सर्किट हाउस में सुबह करीब 10 बजे पत्रकारों से बातचीत के दौरान राजभर ने दावा किया कि आजादी के बाद सरकारी नौकरियों में मुसलमानों की भागीदारी 38 प्रतिशत थी, जो अब घटकर एक प्रतिशत से भी कम रह गई है। हालांकि, उन्होंने इस आंकड़े के समर्थन में कोई स्रोत नहीं बताया।

गोरखपुर के चुनावी घटनाक्रम पर अखिलेश से मांगा जवाब

राजभर ने गोरखपुर के चुनावी घटनाक्रम का जिक्र करते हुए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से बयान देने की मांग की। उन्होंने संजय त्रिपाठी के चुनाव लड़ने और निर्दलीय प्रत्याशी राजीव यादव को मिले वोटों का उल्लेख किया।

राजभर ने दावा किया कि यादव मतदाताओं ने राजीव यादव का समर्थन किया, जबकि संजय त्रिपाठी को सपा समर्थकों के वोट नहीं मिले। उन्होंने कहा कि इस घटनाक्रम से संजय त्रिपाठी और ब्राह्मण समाज को सीख लेनी चाहिए।

हर महीने पकड़े जाएंगे निराश्रित स्वान एंटी रेबीज टीकाकरण भी होगा

डीएम ईशा प्रिया ने नगर निकायों को विशेष अभियान चलाने के दिए निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। निराश्रित स्वानों से लोगों की सुरक्षा के लिए जिले में हर महीने विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत स्वानों को पकड़कर पशुपालन विभाग के समन्वय से एंटी रेबीज टीकाकरण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने जनपद स्तरीय समिति की बैठक में नगर पालिका और नगर पंचायतों के अधिकारियों को इस दिशा में नियमित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। शासन के निर्देश पर आयोजित बैठक में निराश्रित स्वानों से उत्पन्न जोखिमों और सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा के उपायों की समीक्षा की गई। डीएम ने सभी अधिशासी अधिकारियों से कहा कि वे हर महीने विशेष अभियान चलाने की व्यवस्था करें। स्वानों को पकड़ने से लेकर उनके टीकाकरण तक की प्रक्रिया में पशुपालन विभाग से समन्वय बनाए रखें। जिलाधिकारी ने सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शासन के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने और निराश्रित स्वानों के प्रबंधन में समन्वित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, एआरएम रोडवेज, नगर पालिका और नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारी तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

फास्ट न्यूज

कल्याण सिंह के भरोसेमंद रहे कृपाशंकर वर्मा को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में जगह

अंबेडकरनगर। भारतीय जनता पार्टी ने कृपाशंकर वर्मा को प्रदेश कार्यसमिति का सदस्य मनोनीत किया है। अकबरपुर विधानसभा क्षेत्र के सदरपुर निवासी वर्मा लंबे समय से पार्टी संगठन और समाजसेवा में सक्रिय हैं। वह पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के विश्वासपात्र नेताओं में शामिल रहे हैं। इससे पहले भी वह प्रदेश कार्यसमिति सहित संगठन के विभिन्न पदों पर जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

सस्ता और सुलभ न्याय हर नागरिक का अधिकार

अंबेडकरनगर। जमीन विवाद, घरेलू हिंसा, मजदूरी का भुगतान और पारिवारिक विवाद जैसी समस्याओं में कानूनी जानकारी की कमी लोगों के लिए परेशानी बन सकती है। ऐसे मामलों में लोगों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए तहसील अकबरपुर में लघु विधिक सहायता एवं सेवा शिविर लगाया गया। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रोदय कुमार और प्राधिकरण की सचिव नीलम वर्मा के निर्देश पर आयोजित शिविर की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी अकबरपुर प्रतीक्षा सिंह ने की।

एसपी की जनसुनवाई में पहुंचीं फरियादें

अंबेडकरनगर। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे लोगों की बात गंभीरता से सुनी गई। एसपी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

तीसरी बार सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा ने कसी संगठन की कमर

तीन नवंबर को लखनऊ में पदयात्रा में शामिल होने की तैयारी

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा ने संगठन को सक्रिय करने की कवायद तेज कर दी है। मंगलवार को जिला कार्यालय अटल भवन में हुई बैठक में मतदाता सूची के अध्ययन, बूथों की मजबूती और सामाजिक समीकरणों के आधार पर रणनीति बनाने पर जोर दिया गया। जिला प्रभारी एवं प्रदेश मंत्री अवधेश श्रीवास्तव ने पदाधिकारियों से संगठन में मिली जिम्मेदारियों की जानकारी भी ली।

जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल देव की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिला प्रवासी अवधेश पांडेय बादल भी मौजूद रहे। जिला प्रभारी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ सभी पदाधिकारियों को अपने दायित्वों पर ध्यान देना होगा। उन्होंने मतदाता सूची के अध्ययन, बूथों की ग्रेडिंग और चुनावी तैयारियों में माइक्रोप्लानिंग को महत्वपूर्ण बताया। अवधेश श्रीवास्तव ने जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और मंडल प्रभारियों से संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने चुनाव की दृष्टि से बूथ स्तर पर काम करने और संगठन की तैयारियों की समीक्षा पर जोर दिया।

जिला प्रवासी अवधेश पांडेय बादल ने कहा कि तीन नवंबर को लखनऊ में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत पदयात्रा आयोजित होगी। उन्होंने दावा किया कि इसमें अवध क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे।

तहसील परिसर में शिफ्ट हो सकता है ग्राम न्यायालय

कम्युनिटी हॉल का निरीक्षण, नरियांव से अस्थायी स्थानांतरण की मांग पर बढ़ी हलचल

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। नरियांव ग्राम पंचायत के पंचायत भवन में संचालित ग्राम न्यायालय को आलापुर तहसील परिसर में लाने की कवायद तेज होती दिख रही है। बुधवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने तहसील परिसर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर कम्युनिटी हॉल का निरीक्षण किया। अधिवक्ताओं ने इसी भवन में ग्राम न्यायालय को अस्थायी रूप से संचालित करने की मांग उठाई है। हालांकि, स्थानांतरण पर अभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है।

आलापुर तहसील के अधिवक्ताओं ने हाल ही में जिलाधिकारी ईशा प्रिया से मुलाकात कर न्यायिक कार्यालयों को व्यवस्थित करने की मांग की थी। इस दौरान सौंपे गए मांगपत्र में नरियांव के पंचायत भवन में चल रहे ग्राम न्यायालय को तहसील परिसर के कम्युनिटी हॉल में अस्थायी रूप से स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया था। अधिवक्ताओं ने तहसील भवन में संचालित उप निबंधक कार्यालय को नवनिर्मित भवन में शुरू कराने और इंदईपुर में संचालित चकबंदी न्यायालय को भी आलापुर तहसील परिसर में लाने की मांग की थी। इसी क्रम में बुधवार को कम्युनिटी हॉल का निरीक्षण किया गया।

तहसील परिसर स्थित कम्युनिटी हॉल का उपयोग पहले सामाजिक गतिविधियों के साथ उप कोषागार के संचालन के लिए भी किया जाता था। करीब ढाई दशक पहले अन्नापुर में बसपा प्रमुख मायावती की सांसद निधि से लगभग 12 लाख रुपये की लागत से इसका निर्माण कराया गया था। करीब 20 वर्षों तक यहां उप कोषागार संचालित हुआ। बाद में इसे जिला मुख्यालय स्थानांतरित कर दिया गया।

अब इस भवन में ग्राम न्यायालय को अस्थायी रूप से संचालित करने की संभावना तलाशी जा रही है। ग्राम न्यायालय के स्थायी भवन के लिए जमीन नहीं मिल पाने के कारण फिलहाल इसका संचालन नरियांव ग्राम पंचायत के पंचायत भवन से हो रहा है।

लापता आयशा को बसखारी पुलिस ने खोजा

परिजनों के चेहरे पर लौटी राहत

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। बसखारी थाना क्षेत्र के किछौछा दरगाह से लापता हुई आयशा को पुलिस ने सकुशल खोज निकाला। तलाश के बाद युवती के मिलने पर पुलिस ने उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

किछौछा दरगाह निवासी अब्दुल रहमान की पुत्री आयशा के लापता होने की जानकारी मिलने पर बसखारी पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। पुलिस ने कांस्टेबल नरसिंह के सहयोग से युवती को खोज निकाला। बरामदगी के बाद आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे परिजनों को सौंप दिया गया।

किसी मंडप में 54 तो कहीं 61 जोड़ों का विवाह, कन्या के खाते में भेजे गए 64 हजार रुपये

तीन मंडपों में गूंजी शहनाई 168 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

तमसा संकेत, संवाददाता

बंदीपुर, भियांव स्थित जगरदेव बाबा सद्भावना लॉन में 53 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इसमें जहांगीरगंज, भियांव और जलालपुर विकास खंडों के साथ जहांगीरगंज, राजेसुल्तानपुर और जलालपुर नगर निकाय क्षेत्रों के लाभार्थी शामिल रहे। यहां पूर्व सांसद रितेश पांडेय, भियांव और जलालपुर के ब्लॉक प्रमुख तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

अंबेडकरनगर। जिले में बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत तीन स्थानों पर विवाह समारोह आयोजित किए गए। इनमें कुल 168 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। बरियावन, अकबरपुर और बंदीपुर-भियांव में हुए आयोजनों में अलग-अलग विकास खंडों और नगरीय निकायों के पात्र लाभार्थियों ने हिस्सा लिया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में वैवाहिक रस्में पूरी कराई गईं।

बरियावन स्थित पैराडाइज गार्डन में 54 जोड़ों का विवाह हुआ। समारोह में रामनगर, टांडा और बसखारी विकास खंडों के साथ इल्तिफातगंज, अशरफपुर किछौछा और टांडा नगर निकाय क्षेत्र के लाभार्थी शामिल हुए। यहां विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडेय, जिला पंचायत प्रशासक श्याम सुंदर वर्मा, जिलाधिकारी ईशा प्रिया, टांडा की पूर्व विधायक संजू देवी और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा मौजूद रहे। अकबरपुर के पहितीपुर रोड स्थित जयश्री मैरिज लॉन में सबसे अधिक 61 जोड़ों का विवाह कराया गया। इसमें अकबरपुर, भीटी और कटेहरी विकास खंडों तथा अकबरपुर नगर पालिका क्षेत्र के लाभार्थी शामिल हुए।

प्रत्येक जोड़े पर एक लाख रुपये खर्च का प्रावधान

जिला समाज कल्याण अधिकारी के अनुसार, योजना के तहत प्रत्येक जोड़े पर कुल एक लाख रुपये खर्च किए जाने का प्रावधान है। इसमें 21 हजार रुपये की विवाह उपहार सामग्री और 15 हजार रुपये आयोजन व्यवस्था के लिए निर्धारित हैं। शेष 64 हजार रुपये विवाहित कन्या के बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित किए गए। योजना का उद्देश्य पात्र परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता देना है। बुधवार को जिले के तीन विवाह स्थलों पर आयोजित समारोहों में कुल 168 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।

जमीन के विवाद के बीच विधायक पुत्र पर एफआईआर से सियासी हलकों में चर्चा

जान से मारने की धमकी और जमीन के कागजात ले जाने का आरोप

एक दिन पहले दर्ज हुआ था मुकदमा, जून में भी सामने आया था जमीन पर कब्जे का विवाद

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। पूर्व मंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामअचल राजभर के परिवार से जुड़ा एक और मामला चर्चा में है। उनके बेटे संजय राजभर के खिलाफ दुकान में घुसकर मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने और जमीन से जुड़े दस्तावेज व वाहन की चाबी ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने 27 अक्टूबर को शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज की थी। मामला सामने आने के बाद अब पुलिस की जांच पर निगाहें हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि संजय राजभर दुकान में घुसे और उसके साथ मारपीट की। इस दौरान जमीन से जुड़े कागजात और वाहन की चाबी ले जाने का भी आरोप लगाया गया है। शिकायत में जान से मारने की धमकी देने की बात भी कही गई है। संजय राजभर भानमती स्मारक महाविद्यालय के प्रबंधक हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। रामअचल राजभर प्रदेश की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय हैं और छह बार विधायक रह चुके हैं। ऐसे में परिवार के सदस्य के खिलाफ दर्ज ताजा मुकदमे ने राजनीतिक चर्चा को भी जगह दी है। फिलहाल मामले का केंद्र शिकायत में लगाए गए आरोप और पुलिस की जांच है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों से ही स्पष्ट होगा कि घटना किन परिस्थितियों में हुई और आरोपों की पुष्टि होती है या नहीं।

जून में भी उठा था जमीन पर कब्जे का मामला

रामअचल राजभर से जुड़ा जमीन विवाद जून में भी सुर्खियों में आया था। अकबरपुर क्षेत्र के रुकनुद्दीनपुर बनगवां निवासी राधेश्याम यादव ने आरोप लगाया था कि अदालत के आदेश पर जमीन का कब्जा मिलने के बाद रामअचल राजभर और उनके समर्थकों ने दोबारा कब्जा करने का प्रयास किया। शिकायतकर्ता ने फायरिंग का आरोप भी लगाया था। उस समय रामअचल राजभर ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा था कि जमीन का मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। हालांकि, जून में सामने आए विवाद और संजय राजभर के खिलाफ अब दर्ज मुकदमे के बीच किसी संबंध की पुष्टि नहीं हुई है।

डीएम की सख्ती के बाद काम पर लौटे जनगणना कर्मी

आलापुर में विरोध और कार्य बहिष्कार के बाद शुरू हुआ काम

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। आलापुर तहसील में जनगणना कार्य को लेकर मंगलवार को हुए विरोध और कार्य बहिष्कार के बाद बुधवार सुबह से काम फिर शुरू हो गया। जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने मंगलवार देर शाम उपजिलाधिकारी विकास यादव और तहसीलदार रवीश कुमार को कड़ी फटकार लगाई थी। इसके बाद प्रगणकों और फील्ड ट्रेनरों ने अपनी जिम्मेदारी संभाल ली। फिलहाल कार्य सुचारु रूप से चलने की सूचना है।

मंगलवार को जनगणना कार्य में लगे कार्मिकों ने विरोध और नारेबाजी करते हुए कार्य बहिष्कार किया था। इससे तहसील प्रशासन की व्यवस्था पर सवाल उठे। कार्मिकों की नाराजगी के बीच अधिकारियों की कार्यशैली भी चर्चा में आई।

तहसीलदार रवीश कुमार की कार्यशैली को लेकर पहले भी शिकायतें सामने आने की बात कही गई है। बीएलओ की शिकायतों और एक बैठक में कर्मचारियों के साथ कथित अमर्यादित भाषा के इस्तेमाल का मामला भी चर्चा में रहा। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

युवा उत्सव का आयोजन : लोककला के साथ नशामुक्ति और विकसित भारत का संदेश

लोकगीत, नृत्य और नुक्कड़ नाटक से युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। लोकगीतों की धुन, लोकनृत्य की प्रस्तुतियां और नुक्कड़ नाटक के जरिए सामाजिक संदेश। अकबरपुर के रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को आयोजित युवा उत्सव में युवाओं ने कला और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से आयोजित उत्सव में लोकगीत, लोकनृत्य, नुक्कड़ नाटक, कविता लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिताएं हुईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय और जिला पंचायत प्रशासक श्याम सुंदर वर्मा ने किया। विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों के जरिए लोककला और सांस्कृतिक परंपराओं की झलक पेश की। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे से दूर रहने और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथियों ने युवाओं से शिक्षा और संस्कार को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने नशे से दूर रहने और समाज में आपसी सौहार्द बनाए रखने पर जोर दिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. सुधा मिनी ने प्रमाणपत्र देकर प्रोत्साहित किया।

लोकनृत्य में जीजीआईसी अकबरपुर प्रथम

प्रतियोगिताओं में लोकनृत्य के तहत जीजीआईसी अकबरपुर ने पहला, आदर्श जनता इंटर कॉलेज टांडा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। लोकगीत में गौरव शुक्ला एवं उनकी टीम प्रथम रही। जीजीआईसी टांडा को दूसरा और रमाबाई डिग्री कॉलेज को तीसरा स्थान मिला।

नुक्कड़ नाटक में गब्बर गैंग ने पहला स्थान हासिल किया। कविता लेखन प्रतियोगिता में शशांक प्रथम और शाइस्ता दूसरे स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में युवा कल्याण अधिकारी सुभाषिनी, प्रभारी अतुल कुमार सिंह, सुनील यादव और ज्योति सहित विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

खेल के मैदान में दिखा नौनिहालों का दम 14 संकुलों के बच्चों ने लिया हिस्सा

ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। जलालपुर के नरेंद्र देव इंटर कॉलेज के मैदान में बुधवार को बेसिक शिक्षा विभाग की ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें जलालपुर ब्लॉक के 14 संकुलों से आए विद्यार्थियों ने खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. पूनम मिश्रा ने फीता काटकर और गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत मार्च पास्ट और पीटी प्रदर्शन से हुई। विद्यार्थियों ने कदमताल और सामूहिक व्यायाम के जरिए अनुशासन व एकजुटता का प्रदर्शन किया। इसके बाद अलग-अलग खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी प्रतिभा आजमाई। प्रतियोगिता में 50, 100, 200 और 400 मीटर दौड़ कराई गई। लंबी कूद और ऊंची कूद के मुकाबलों में भी विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसके साथ कबड्डी और खो-खो की प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने समूह गान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए भी अपनी प्रतिभा दिखाई।

खेल प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन का प्रमुख हिस्सा रहे।

आयोजन में खंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा, कॉलेज के प्रधानाचार्य लखमी चंद, शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजेश यादव, मीडिया प्रभारी श्याम चौहान, मोहम्मद अलकमा, स्नेहलता, किरन चौधरी, एआरपी लालधारी यादव, अजीत यादव, मनीष उपाध्याय, अनुपम चतुर्वेदी, सूर्यभान चौहान, विवेक वर्मा, संजय सिंह और सूर्यनाथ यादव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

सम्पादकीय

विपक्ष का उतावलापन

कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत अन्य विपक्षी नेताओं की याचिका पर चुनाव आयोग की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल शपथपत्र पर विपक्ष की प्रतिक्रिया उसकी खीझ को ही अधिक प्रकट कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के इस शपथपत्र पर सभी याचिकाकर्ताओं को दस दिन में अपना जवाब दाखिल करने को कहा है, लेकिन इनमें से कुछ ने तुरंत बयान देना जरूरी समझा। इतना ही नहीं, उन्होंने चुनाव आयोग पर यह आरोप भी मढ़ दिया कि उसने भ्रामक तथ्य पेश किए हैं।

कांग्रेस तो एक कदम बढ़कर कोर्ट के बाहर भी चुनाव आयोग के शपथपत्र के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी कर रही है। यह और कुछ नहीं, खुद ही अदालत बनने की हास्यास्पद कोशिश है। लगता है उसे सुप्रीम कोर्ट पर भी यकीन नहीं। आखिर जो मामला सुप्रीम कोर्ट के समक्ष विचाराधीन है, उसका फैसला वही करेगा, न कि याचिका दायर करने वाले।

क्या यह विचित्र नहीं कि विपक्षी दल और विशेषकर कांग्रेस इस मामले में वकील और जज, दोनों की भूमिका निभाने को उतावली है? क्या उसने तय कर लिया है कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला कुछ भी हो, वह वोट चोरी का अपना राग अलाप कर लोगों को गुमराह करने की कोशिश करती रहेगी? यदि नहीं तो क्या उसे पता नहीं कि चुनाव आयोग के हलफनामे के जवाब में उसे अपनी दलीलें सुप्रीम कोर्ट के समक्ष रखनी हैं, न कि मीडिया के सामने?

वास्तव में विपक्षी दल इसलिए बेचैन हो उठे हैं, क्योंकि चुनाव आयोग ने अपने शपथपत्र में यह कहा कि मतदाता सूचियों के शुद्धीकरण यानी एसआइआर को लेकर सभी फैसले तीनों चुनाव आयुक्तों की सहमति से लिए गए और फार्म 6 में कोई वैधानिक बदलाव नहीं किया गया। शपथपत्र यह भी कहता है कि इसे तीनों आयुक्तों की सहमति से तैयार किया गया है और आयोग के अंतिम फैसलों पर उन सभी के हस्ताक्षर होते हैं।

शपथपत्र से यह भी साफ होता है कि किसी आयुक्त द्वारा उठाई गई आपत्ति आयोग का अंतिम औपचारिक फैसला नहीं होता और दोनों चुनाव आयुक्तों ने एक अधिकारी के आंतरिक कार्य आवंटन संबंधी जिस आदेश की शिकायत कैबिनेट सचिव से की थी, उसे कभी लागू ही नहीं किया गया। एक तरह से यह शपथपत्र एक मीडिया रपट की ओर से बनाई गई उस धारणा को ध्वस्त कर रहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार दोनों चुनाव आयुक्तों को किनारे कर मनमाने तरीके से फैसले कर रहे हैं।

शायद इसी कारण विपक्ष ऐसी व्यर्थ की बातें कर अपनी बौखलाहट निकाल रहा है कि यह शपथपत्र केंद्र सरकार के दबाव में तैयार किया गया है। एक कांग्रेस सांसद तो यह कह रहे हैं कि यदि सभी फैसले तीनों चुनाव आयुक्तों ने सहमति से भी लिए हैं तो क्या हम उन्हें मान लेंगे? लगता है वे सुप्रीम कोर्ट के फैसले को न मानने का मन बना रहे हैं।

दीपावली के बहाने स्वदेशी विमर्श, स्थानीय अर्थतंत्र व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का नवोन्मेष

तमसो मा ज्योतिर्गमय की सनातन उद्घोषणा का साक्षात स्वरूप दीपावली पर्व, भारतीय कालगणना और लोकचेतना का चरमोत्कर्ष है। कार्तिक मास की अमावस्या के सघन अंधकार को पराजित करती दीपकों की वह अनंत श्रृंखला जिसे हम दीपमाला कहते हैं, वास्तव में केवल मिट्टी के पात्रों में जलती हुई वर्तिका मात्र नहीं है,वह भारतीय समाज की सामूहिक समृद्धि, पारस्परिक सौहार्द और विकेंद्रीकृत आर्थिक सुदृढ़ता का दैदीप्यमान प्रतीक है किंतु समकालीन कालखंड में, वैश्वीकरण और अनियंत्रित उपभोक्तावाद के अंधानुकरण ने इस पावन आलोक-पर्व के मूल अधिष्ठान को ही संकट में डाल दिया है। जब भारत का उपभोक्ता वर्ग अपनी ही धरती के स्वेद (पसीने) से सिंचित उत्पादों को विस्मृत कर, बहुराष्ट्रीय कंपनियों के आभासी मायाजाल (ओनलाईन प्लेटफॉर्म्स) के सम्मोहन में आबद्ध हो जाता है, तब दीपमाला की वह नैसर्गिक झड़ी एकाएक फीकी पड़ जाती है। बाजार की इस बदली हुई प्रवृत्ति ने एक अत्यंत चिंताजनक और विरोधाभासी परिदृश्य उपस्थित कर दिया है। प्रतिवर्ष भारत की पावन धरा से अरबों-खरबों रुपयों का राजस्व समेटने वाली ये सीमापार की महाकाय कॉर्पोरेट इकाईयां, यहां के उत्सवों में केवल अपने लाभ के अवसर ढूंढती हैं। आपदा, महामारी अथवा किसी सामाजिक विपदा के समय इनका सामाजिक उत्तरदायित्व कागजी आंकड़ों से परे शून्य सिद्ध होता है। इसके विपरीत, हमारे ग्रामीण अंचलों, कस्बों, और नगरों की संकीर्ण गलियों में स्थित पारंपरिक व्यवसायी, जो हमारी अर्थव्यवस्था के वास्तविक रीढ़ हैं, वे अपनी दुकानों की चौखट पर बैठे ग्राहकों की राह टुकुर-टुकुरनिहारने को विवश हैं। यह विमर्श केवल व्यापारिक लाभ-हानि का नहीं है, अपितु यह भारतीय समाज, उसकी अर्थव्यवस्था, और शाश्वत सांस्कृतिक मूल्यों के अस्तित्व की रक्षा का शंखनाद है।

अशोक "प्रवृद्ध"

केरल की वृद्ध संरक्षण पहल से जगेगी नई चेतना

> 66
> आज संयुक्त परिवारों का विघटन, महानगरों की भागदौड़, विदेशों की ओर पलायन और बढ़ती व्यक्तिवादी प्रवृत्ति ने बुजुर्गों के जीवन को कठिन बनाया है। कभी दादा-दादी और नाना-नानी परिवार की जीवंत पाठशाला होते थे, उनकी कहानियों में इतिहास, अनुभवों में विवेक और आशीर्वाद में जीवन की पूँजी मिलती थी।

भारत की संस्कृति में माता-पिता को देवतुल्य माना गया है। यहाँ कहा गया है-'मातृदेवो भव, पितृदेवो भव।' जिस देश में माता-पिता के चरणों में स्वर्ग देखने की परंपरा रही हो, उसी देश में यदि वृद्धावस्था में माता-पिता अपने ही घर में उपेक्षा, अपमान, अकेलेपन और असुरक्षा का दंश झेलने को विवश हों, तो यह केवल पारिवारिक विघटन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक चेतना के सामने खड़ा एक गंभीर प्रश्न है। जिस बुजुर्ग ने अपनी संतान के भविष्य के लिए वर्तमान को खपा दिया, यदि उसी संतान के पास उसके बुढ़ापे के लिए समय, संवेदना और स्नेह न बचे, तो विकास की चमक के बीच मानवीय मूल्यों का अंधेरा साफ दिखाई देता है। ऐसे समय में केरल विधानसभा द्वारा अक्टूबर 2026 में वरिष्ठ नागरिकों के संरक्षण से संबंधित व्यापक विधेयक पारित किया जाना एक आशाजनक पहल है। यह कानून की किताब में जुड़ा एक नया अध्याय भर नहीं, बल्कि बुजुर्गों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और भरोसे का नया सूर्योदय बनने की क्षमता रखता है। भारत में 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के नागरिकों की संख्या लगभग 15 करोड़ बताई जा रही है। अनुमान है कि यह आबादी 2036 तक लगभग 23 करोड़ और 2050 तक 34 करोड़ से अधिक हो सकती है। यह बदलती जनसांख्यिकी हमें चेतावनी भी देती है और अवसर भी। चिकित्सा विज्ञान की प्रगति तथा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं ने मनुष्य की आयु बढ़ाई है, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या हमने जीवन की बढ़ती अवधि को गरिमापूर्ण बनाने की तैयारी भी की है? सिर्फ लंबी उम्र उपलब्धि नहीं है, उस उम्र में सम्मान, आत्मनिर्भरता और अपनापन बनाए रखना ही वास्तविक उपलब्धि है। केरल की इस पहल का महत्त्व इसलिए बढ़ जाता है कि यह बुजुर्गों की समस्याओं को केवल परिवार की निजी जिम्मेदारी मानकर छोड़ देने के बजाय सामाजिक और संस्थागत दायित्व के रूप में देखती है। विधेयक में वरिष्ठ नागरिकों के साथ शारीरिक एवं मानसिक दुर्व्यवहार, क्रूरता और उनकी इच्छा के विरुद्ध उन्हें बेसहारा छोड़ने जैसे कृत्यों के लिए दंड का प्रावधान किया गया है। इसके साथ संरक्षण इकाइयों, देखभाल केंद्रों के नियमन, देखभालकर्ताओं के प्रशिक्षण और शिकायतों के निवारण जैसी व्यवस्थाओं पर जोर दिया गया है। साइबर धोखाधड़ी से बचाव तथा बुजुर्गों के स्वास्थ्य संबंधी निर्णयों के अधिकार जैसे विषयों को स्थान देना भी बदलते समय की जरूरतों को समझने का संकेत है। इस पहल का मूल संदेश स्पष्ट है-बुजुर्गों की सेवा सद्भावना का विषय अवश्य है, लेकिन उनकी सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करना सामाजिक व्यवस्था का अनिवार्य दायित्व भी है। इस विधेयक की सबसे संवेदनशील अवधारणा है-'एजिंग इन प्लेस', अर्थात बुजुर्गों को यथासंभव उनके अपने घर और परिचित परिवेश में सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर देना। वृद्धाश्रमों की आवश्यकता से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन माता-पिता के लिए घर का एक कमरा भी तब अधिक मूल्यवान होता है, जब उसमें अपनत्व की गर्माहट हो। बुजुर्गों को केवल भोजन, दवा और बिस्तर नहीं चाहिए, उन्हें बातचीत करने वाला साथी, उनकी बात सुनने वाला कान, उनके अनुभवों को समझने वाला मन और उनके अस्तित्व को स्वीकार करने वाला परिवार चाहिए। उम्र के इस पड़ाव पर कई बार आर्थिक अभाव से अधिक भावनात्मक अभाव पीड़ा देता है। जिस घर में बुजुर्गों की आवाज अनसुनी हो जाती है, वहाँ दीवारें तो रहती हैं, लेकिन परिवार की आत्मा कमजोर पड़ने लगती है। आज उसी अनुभव-संपदा को कई बार अनुपयोगी समझ लिया जाता है। संपत्ति के लिए माता-पिता पर दबाव डालना, उनकी जमा-पूँजी पर अनुचित अधिकार जमाना, बीमारी में उन्हें अकेला छोड़ देना अथवा उनकी भावनाओं को ठेस पहुँचाना सभ्य समाज के माथे पर कलंक है। यह कैसी विडंबना है कि जिन हाथों ने बच्चों को चलना सिखाया, उन्हीं हाथों को बुढ़ापे में सहारे के लिए तरसना पड़े! केरल का विधेयक इस समस्या के समाधान की दिशा में व्यापक दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। इसमें वरिष्ठ नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार और उन्हें बेसहारा छोड़ने पर तीन वर्ष तक के कारावास तथा 50 हजार रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। देखभाल केंद्रों के पंजीकरण, देखभालकर्ताओं के प्रशिक्षण, शिकायतों के निवारण और साइबर धोखाधड़ी से सुरक्षा जैसी व्यवस्थाएँ भी प्रस्तावित हैं। साथ ही, वरिष्ठ नागरिकों के चिकित्सा संबंधी पूर्वनिर्धारित निर्णयों, कानूनी सहायता और डिजिटल सेवाओं तक पहुँच को महत्त्व दिया गया है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा ने यह विधेयक 26 अक्टूबर 2026 को सर्वसम्मति से पारित किया है, इसे कानून के रूप में लागू होने के लिए राज्यपाल की स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इस पहल का एक दूरदर्शी पक्ष 'सिल्वर इकोनॉमी' की अवधारणा भी है। बुजुर्गों को केवल सहायता प्राप्त करने वाले नागरिकों के रूप में नहीं, बल्कि समाज के सक्रिय योगदानकर्ता के रूप में देखा जाना चाहिए। उनके अनुभव, ज्ञान, कौशल और जीवन-दृष्टि का उपयोग शिक्षा, परामर्श, सामाजिक सेवा, उद्यमिता और सामुदायिक विकास में किया जा सकता है। सेवानिवृत्ति का अर्थ प्रतिभा की समाप्ति नहीं, बल्कि जीवन की दूसरी पारी का आरंभ भी हो सकता है। आवश्यकता इस बात की है कि समाज उन्हें बोझ नहीं, अपनी अमूल्य पूँजी माने। पेड़ जब पुराना होता है, तब भी उसकी छाया कम मूल्यवान नहीं हो जाती। इसी तरह अनुभव की परिपक्वता किसी भी राष्ट्र की विकास-यात्रा को दिशा दे सकती है। अब समय है कि केंद्र सरकार के साथ दूसरे राज्य भी केरल की इस पहल से प्रेरणा लें। केंद्र के माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा हो तथा आवश्यकतानुसार उसे और सशक्त बनाया जाए। राज्यों में वरिष्ठ नागरिकों के लिए समर्पित संरक्षण इकाइयाँ, सुलभ शिकायत व्यवस्था, निःशुल्क कानूनी सहायता, घर पर स्वास्थ्य सेवाएँ और सुरक्षित सामुदायिक केंद्र विकसित किए जाएँ।

- ललित गर्ग

कथा के अनुसार...

डॉ.नर्मदेश्वर प्रसाद चौधरी

करवा चौथ का व्रत पति की लम्बी उम्र के लिए करती है महिलाएं



करवा चौथ का व्रत कार्तिक कृष्ण पक्ष के चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। यह व्रत सुहागिन स्त्रियाँ अपने पति की लम्बी उम्र के लिये करती हैं। करवाचौथ के दिन यह व्रत रखने पर सुबह उषाकाल से पहले उठकर कुछ खाना तथा पीना चाहिए। यदि आप उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड से संबंधित क्षेत्र से हैं तो आप उषाकाल से पहले शक्कर और दूध के साथ सूत फेनी लेने का प्रचलन है। इस मिश्रण के सेवन से अगले दिन बिना पानी पीये रहने में मदद मिलती है। दिल्ली और हरियाणा में मीठा खाजा , रसमलाई एवं रबड़ी , मध्यप्रदेश में सरगी में फैनी और रबड़ी, राजस्थान में मीठी कचौरी और दूध रबड़ी, पंजाब में उषाकाल से पहले लिए गए अन्न में सरगी का एक महत्वपूर्ण स्थान है।

परंपरा के अनुसार सरगी सास द्वारा अपनी बहु को करवाचौथ पर दिया जाने वाला बहुमूल्य उपहार है जिसमें काजू बादाम, मीठी मट्ठी और सुहाग की निशानियाँ होती है।

करवाचौथ का व्रत और पूजन पूरे विधि-विधान के साथ होता है। इस महत्वपूर्ण लेख में दर्शाई गई सामग्री और विधि द्वारा करवाचौथ की पूजा की जाती है।

मिट्टी, ताम्बा अथवा पीतल के दो करवे, दूध, जल, धुप, सुपारी, मौलि, अक्षत, दीप, कपूर, सिंदूर, काजल, पुष्प एवं पुष्पमाला, जल के लिए तीन पात्र, नैवेध्य के लिए पूर्ण फल, मेवा या मिठाई, इत्यादि। इस व्रत में पीसी हुई चावल के घोल से दीवाल पर सबसे ऊपर चन्द्रमा बनते हैं उसके नीचे शिव, गणपति और कार्तिकेय का चित्र बनाया जाता है। फिर पीली मिट्टी से माता गौरी बनायी जाती हैं, जिनकी गोद में गणपति को बैठाया जाता है। गौरी को चौकी पर बिठाकर सभी सुहाग चिन्हों से उन्हें सजाया जाता है और उनकी पूजा की जाती है। एक पुष्प को नन्दीश्वर स्वरुप मानकर स्थान दिया जाता है।

करवा में रक्षासूत्र बांधें, तथा हल्दी और आटे के सम्मिश्रण से एक स्वास्तिक बनाएं। एक करवे में जल भरें तथा दुसरे करवे में दूध भरें और इसमें ताम्बे या चांदी का सिक्का डालें। आचमन के लिए छोटे पात्र में जल भर कर रखें तथा साथ में एक चम्मच भी रखें।

पूजा के लिए मंत्र

'ॐ शिवायै नमः' से पार्वती का, 'ॐ नमः शिवाय' से शिव का, 'ॐ षण्मुखाय नमः' से स्वामी कार्तिकेय का, 'ॐ गणेशाय नमः' से गणेश का तथा 'ॐ सोमाय नमः' से चंद्रमा का पूजन करें।

सब तैयारी हो जाने के बाद करवाचौथ की कथा सुनें और फिर चन्द्रमा निकलते ही श्री चन्द्रदेव को अर्ध्य दीजिये।अपने पति को तिलक करें तथा छलनी में चांद के साथ पति को देखें। पति के पैर छूकर उनका आशिर्वाद ले तथा करवे में भरे जल से अपना व्रत खोलें। इसके पश्चात सात्विक तरीके से बना हुआ भोजन ग्रहण करें।

करवाचौथ की कथा

कथा के अनुसार, एक साहूकार के घर उसकी बेटी ससुराल से आई। शाम को सब लोग भोजन कर रहे थे। करवा चतुर्थी होने के कारण बेटी ने सबके साथ भोजन करने से इंकार कर दिया। जब उसे कहा गया कि भोजन करो तो बेटी ने इंकार कर दिया और हठ करने लगी कि चंद्रमा देखने के बाद ही भोजन करूंगी। अपनी बहन का ये हठ उपवास एक भाई से सहन नहीं हुआ क्योंकि उसकी बहन भूख-प्यास से बहुत व्याकुल थी। भूख की वजह से तड़प रही थी। कमजोर हो रही थी। तब भाई ने एक दीपक जलाकर छत पर रख दिया और अपनी बहन से झूठ बोला कि चांद निकल आया है, उसके दर्शन करो और भोजन करो। बहन ने इसे सच मानकर भोजन कर लिया। ऐसा करने के बाद अचानक बहन को पति के निधन की खबर मिली। उसके बाद महिला ने अपनी पति के शव को पास रखकर एक साल तक कठोर उपवास किया जिसके फलस्वरूप करवा देवी प्रसन्न होकर महिला के समक्ष प्रकट हुईं। करवा देवी ने एक खास तरीके से महिला के पति को जिंदा कर दिया। करवा देवी उस महिला के भाई की पत्नी के पास गईं। तब भाई की पत्नी करवा देवी को कसकर पकड़ लेती हैं ताकि करवा देवी उसकी ननद के पति को जिंदा कर दें। भाई की पत्नी करवा देवी को तब तक पकड़े रहती है जब तक करवा देवी ननद के पति को जीवित नहीं कर देती।

मा. प्रधानमंत्री...

प्रवीण मालवीय

हर घर सौर ऊर्जा के संकल्प को साकार करता उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना ने नया कीर्तिमान रचा है। प्रदेश में 8.76 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर प्लांट लगाकर उत्तर प्रदेश देश में नंबर एक बना है। उत्तर प्रदेश आज विकास के हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रहा है। मा. मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जिसने प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की कतार में सबसे आगे खड़ा कर दिया है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश में 8,76,500 से अधिक रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित हो चुके हैं और इंस्टॉलेशन की संख्या के मामले में प्रदेश ने गुजरात को पीछे छोड़ते हुए देश में प्रथम स्थान हासिल किया है।

यह उपलब्धि केवल आंकड़ों की सफलता नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की उस विकास नीति का परिणाम है, जिसमें आधुनिक तकनीक, स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और आमजन की आर्थिक सुविधा को एक साथ प्राथमिकता दी जा रही है। उत्तर प्रदेश ने सौर ऊर्जा को केवल बिजली उत्पादन का माध्यम न मानकर इसे ऊर्जा आत्मनिर्भरता, रोजगार सृजन और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए एक व्यापक जनअभियान का रूप दिया है।

मा. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के प्रत्येक परिवार को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत की। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने इस संकल्प को उत्तर प्रदेश में मिशन मोड पर लागू कराने के लिए संबंधित विभागों को स्पष्ट दिशा और गति प्रदान की। ऊर्जा विभाग, यूपीनेडा, विद्युत वितरण निगमों, बैंकिंग संस्थानों और अधिकृत वेंडर्स के समन्वित प्रयासों के साथ योजना को गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाया गया। जिला स्तर पर नियमित समीक्षा, बैंकिंग प्रक्रिया में तेजी, मीटरिंग की निगरानी तथा लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण ने योजना की रफ्तार को आगे बढ़ाया। उत्तर प्रदेश की इस सफलता का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि अब सौर ऊर्जा प्रदेश के लाखों परिवारों के जीवन का हिस्सा बन रही है। प्रदेश में 2,942 मेगावाट से अधिक रूफटॉप सोलर क्षमता स्थापित हो चुकी है। इससे प्रतिदिन 1.32 करोड़ यूनिट से अधिक स्वच्छ बिजली उत्पादन की क्षमता विकसित हुई है। रूफटॉप सोलर के माध्यम से परिवारों के बिजली खर्च में कमी आ रही है और वे ऊर्जा उत्पादन में उपभोक्ता के साथ-साथ भागीदार भी बन रहे हैं। इस प्रकार 'बिजली लेने वाले घर' अब 'बिजली बनाने वाले घर' बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में सौर ऊर्जा के विस्तार का प्रभाव पर्यावरण संरक्षण पर भी दिखाई दे रहा है। रूफटॉप सोलर के माध्यम से लगभग 11,700 एकड़ भूमि के बराबर भू-आवश्यकता से बचाव हुआ है। साथ ही प्रतिवर्ष 34 लाख टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी का अनुमान है। यह पर्यावरणीय लाभ लगभग 15 करोड़ से अधिक पेड़ों द्वारा एक वर्ष में अवशोषित किए जाने वाले कार्बन के बराबर है। उत्तर प्रदेश का सौर ऊर्जा मॉडल विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी मजबूत उदाहरण बन रहा है।

जरा हटके

योजना में प्रति ...

डॉ0 सीमा गुप्ता

गौवंश बढ़ा रहे ग्रामीण परिवारों में आत्मनिर्भरता

प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, दुग्ध उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि तथा उन्नत स्वदेशी गौवंश के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से 'नन्द बाबा दुग्ध मिशन' के अंतर्गत 'मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना' का सघन क्रियान्वयन किया जा रहा है। दुग्ध विकास विभाग के तत्वावधान में संचालित यह दूरगामी योजना पारंपरिक पशुपालन को एक लाभकारी उद्यम में रूपान्तरित कर ग्रामीण परिवारों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित कर रही है। जनपद गाजियाबाद में जिला प्रशासन द्वारा इस महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर प्रभावी ढंग से उतारने के लिए प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जा रहा है। जनपद के ग्रामीण अंचलों में पशुपालकों को परंपरागत ढर्रे से आगे बढ़ाकर उच्च दुग्ध उत्पादन क्षमता वाली स्वदेशी नस्लों के वैज्ञानिक प्रबंधन से जोड़ने हेतु व्यापक स्तर पर तकनीकी मार्गदर्शन और प्रोत्साहन उपलब्ध कराया जा रहा है।

जिला प्रशासन के सक्रिय मार्गदर्शन में जनपद गाजियाबाद के विकास खण्ड लोनी स्थित ग्राम करेड़ा निवासी श्रीमती दीपा चौहान इस योजना की एक प्रेरक मिसाल बनकर उभरी हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में उन्होंने क्षेत्रीय पशु चिकित्सालय भोपुरा के सहयोग से 'मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना' के अंतर्गत अपना ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन प्रस्तुत किया था। पारदर्शी चयन प्रक्रिया के उपरांत आवेदन स्वीकृत होने पर श्रीमती दीपा चौहान ने एक साहीवाल और एक गिर नस्ल की दो उन्नत स्वदेशी दुधारू गायों का क्रय किया। लगभग 2 लाख रुपये की कुल स्वीकृत परियोजना लागत पर प्रदेश सरकार द्वारा

उन्हें 40 प्रतिशत की दर से 80 हजार रुपये की शासकीय अनुदान राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से प्रदान की गई।

योजना के अंतर्गत प्राप्त वित्तीय और तकनीकी संबल से लाभार्थी श्रीमती दीपा चौहान द्वारा स्थापित इस दो-गौवंशीय इकाई का संचालन अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। उन्नत नस्ल की इन स्वदेशी गायों से प्राप्त उच्च गुणवत्तायुक्त और पौष्टिक दूध से जहां एक ओर उनके परिवार को पोषण सुरक्षा प्राप्त हुई है, वहीं दूसरी ओर अतिरिक्त दूध के नियमित विक्रय से परिवार की मासिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि भी हुई। शासन की कल्याणकारी नीतियों के प्रत्यक्ष प्रभाव को रेखांकित करते हुए श्रीमती दीपा चौहान ने प्रदेश सरकार की इस पहल के प्रति आभार व्यक्त किया है। उनका मानना है कि समयबद्ध शासकीय अनुदान और पारदर्शी व्यवस्था ने उनके परिवार को आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रदान की है। इस सकारात्मक परिणाम से प्रेरित होकर उन्होंने जनपद के अन्य किसानों और पशुपालकों से भी स्वदेशी गौवंश को अपनाकर योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया है। 'मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना' की मूल संरचना के अंतर्गत प्रदेश के पशुपालकों को अन्य राज्यों के मूल प्रजनन क्षेत्रों (ब्रीडिंग ट्रैक्ट्स) से उन्नत स्वदेशी नस्ल की दुधारू गायें क्रय करने हेतु आर्थिक संबल प्रदान किया जाता है। इसके तहत गिर, साहीवाल, हरियाणा और थारपारकर जैसी उच्च दुग्ध उत्पादन क्षमता वाली प्रमाणित नस्लों की दो-गौवंशीय इकाई स्थापित करने का स्पष्ट प्रावधान है।

योजना में प्रति दो-गौवंशीय इकाई की मानक लागत 2 लाख रुपये निर्धारित की गई है। इस पर प्रदेश सरकार द्वारा कुल लागत का 40 प्रतिशत अथवा अधिकतम 80 हजार रुपये (प्रति गाय 40 हजार रुपये) का एकमुश्त अनुदान अनुमन्य है। इस अनुदान राशि में केवल पशु क्रय मूल्य ही नहीं, बल्कि बाह्य राज्यों से पशुओं को लाने का परिवहन व्यय, पारगमन (ट्रांजिट) बीमा तथा पशुओं का अनिवार्य तीन वर्षीय सघन बीमा व्यय भी सम्मिलित है, जिससे पशुपालक को किसी भी प्रकार की वित्तीय अनिश्चितता से सुरक्षा मिलती है। ग्रामीण विकास में महिलाओं की केंद्रीय भूमिका को मान्यता देते हुए योजना में महिला सशक्तिकरण को विशेष अधिमान दिया गया है। दिशा-निर्देशों के अनुसार जनपदवार निर्धारित कुल भौतिक लक्ष्यों का 50 प्रतिशत भाग अनिवार्य रूप से महिला दुग्ध उत्पादकों और गौपालकों के लिए आरक्षित रखा गया है। यह व्यवस्था ग्रामीण परिवेश में महिलाओं को स्वतंत्र आर्थिक स्वावलंबन और उद्यमशीलता की मुख्यधारा से जोड़ने में युगांतरकारी सिद्ध हो रही है। योजना की संपूर्ण कार्यप्रणाली को बिचौलिया-मुक्त और शुचितापूर्ण बनाए रखने के लिए 'नन्द बाबा दुग्ध मिशन' के अधिकृत पोर्टल पर पूर्णतः ऑनलाइन आवेदन व्यवस्था लागू की गई है। प्राप्त आवेदनों की संख्या जनपद के निर्धारित लक्ष्य से अधिक होने की स्थिति में लाभार्थियों का अंतिम चयन पूर्ण निष्पक्षता के साथ कंप्यूटरीकृत ई-लॉटरी प्रणाली द्वारा संपन्न किया जाता है। चयन पत्र निर्गत होने के पश्चात लाभार्थी को दो माह की निर्धारित समयावधि के भीतर अनुमोदित राज्यों से निर्धारित नस्ल की गायों का क्रय करना होता है। पशुओं की प्रामाणिकता और पहचान सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार के राष्ट्रीय पशुधन पोर्टल पर डिजिटल ईयर टैगिंग की जाती है। इसके साथ ही सक्षम पशु चिकित्सा दल द्वारा स्वास्थ्य एवं नस्ल परीक्षण प्रमाण पत्र जारी किया जाना अनिवार्य है। भौतिक सत्यापन और आवश्यक अभिलेखों के डिजिटल प्रमाणीकरण के उपरांत अनुदान की पूरी धनराशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से लाभार्थी के आधार-संबद्ध बैंक खाते में अंतरित की जाती है। जनपद गाजियाबाद में जिला प्रशासन द्वारा लोनी, मुरादनगर, रजापुर एवं भोजपुर विकास खण्डों के सभी पशु चिकित्सालयों और पशु सेवा केंद्रों को नोडल सुविधा केंद्र के रूप में सक्रिय किया गया है, जहां पशुपालकों को पंजीकरण, नस्ल चयन, चारा प्रबंधन और टीकाकरण संबंधी परामर्श सुलभ कराया जा रहा है।

संतों की वाणी समाज में जगाती है समरसता, 2047 तक विकसित राष्ट्र बनेगा भारत : ओम बिरला

'डबल इंजन सरकार में विकास को मिली गति'

समारोह

- 2047 तक विकसित और शक्तिशाली राष्ट्र बनेगा भारत : केशव प्रसाद मौर्य

लोकसभा अध्यक्ष ने किया कबीर स्मृति भवन का शिलान्यास

भारत तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार सबका साथ, सबका विकास के संकल्प के साथ बिना भेदभाव जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। वर्ष 2014 से पहले के भारत और 2017 से पहले के उत्तर प्रदेश की तुलना में आज विकास और सुशासन की तस्वीर बदली है। उन्होंने कहा कि आजादी के 100 वर्ष पूरे होने पर वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। देश प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान स्थापित करेगा। उन्होंने विकास और जनकल्याण के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। प्रदेश में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई का भी उल्लेख किया।

जल शक्ति मंत्री श्री स्वतंत्रत देव सिंह कहा कि सरकारी जमीन, नाली और पोखरों पर कब्जा करने के बजाय बच्चों की शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य पर ध्यान देना चाहिए।

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । संतों की वाणी समाज में समरसता, सद्भाव और मानवीय मूल्यों को मजबूत करती है। संत कबीर साहब की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को समानता एवं विवेक का संदेश देती हैं। यह बात लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को लखीमपुर खीरी में संत श्री असंगदेव जी महाराज के 60वें अवतरण दिवस पर आयोजित कबीर महोत्सव एवं कबीर स्मृति भवन के भूमि पूजन समारोह में कही। उन्होंने कबीर स्मृति भवन का शिलान्यास कर संत परंपरा के सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान की सराहना की।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि संत कबीर साहब ने अपनी निर्भीक वाणी के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, पाखंड और जातिगत भेदभाव पर प्रहार किया। उनकी शिक्षाएं समानता, विवेक और मानवीय मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा देती हैं। लोकतंत्र में विचारों की भिन्नता स्वाभाविक है, लेकिन सहमति और असहमति दोनों का सम्मान जरूरी है। कबीर की वाणी संयम, मर्यादा और विवेक के साथ अपनी बात रखने का संदेश देती है। उन्होंने संत श्री असंगदेव जी महाराज के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि संतों का सान्निध्य व्यक्ति को नैतिकता और संयम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। गांव-गांव तक कबीर साहब के विचारों और जीवन दर्शन को पहुंचाने का कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव का आधार है।

समारोह में प्रदेश सरकार के मंत्री एवं प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी, विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, शशांक वर्मा, अमन गिरी, रोमी साहनी, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता सहित विभिन्न राज्यों से आए संत-महात्मा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और जय श्रीराम के उद्घोष के साथ हुआ।

यूपी में नवंबर में कम आएगा बिजली का बिल

बिजली खरीद और ईंधन की लागत घटने से कम होगा बिल

तमसा संकेत, एजेंसी

यूपी के बिजली उपभोक्ताओं को नवंबर महीने के बिजली बिल में 9.17% की छूट मिलेगी। यह राहत फ्यूल एंड पावर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीएएएस) के तहत मिलेगी। इसका फायदा घरेलू, व्यावसायिक और अन्य श्रेणियों के बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगा।

यूपी पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (UPPCL) के मुताबिक, बिजली खरीद और ईंधन की वास्तविक लागत कम होने का फायदा उपभोक्ताओं को दिया जाएगा। जुलाई से नवंबर तक लगातार 5 महीने बिजली बिल में राहत दी जा रही है। UPPCL के अनुसार, पिछले 4 महीनों से उपभोक्ताओं को एफपीएएएस के तहत राहत दी गई है। जुलाई में 4.43%, अगस्त में 2.92%, सितंबर में 7.93% और अक्टूबर में 5.24% की राहत मिली थी। अब नवंबर में यह बढ़कर 9.17% हो गई है।

एफपीएएएस व्यवस्था के तहत बिजली खरीद और ईंधन की वास्तविक लागत, टैरिफ में शामिल अनुमानित लागत से कम होने पर उसका लाभ उपभोक्ताओं को दिया जाता है। यूपीपीसीएल इसी व्यवस्था के तहत बिजली बिल में राहत पहुंचा रहा है। UPPCL का कहना है कि प्रदेश में विश्वसनीय और गुणवत्ता-पूर्ण बिजली आपूर्ति के साथ उपभोक्ता सेवाओं को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

अवध बार एसोसिएशन का चुनाव, 5000 वकील डाल रहे वोट

लखनऊ । लखनऊ में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के अवध बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए बुधवार को मतदान हो रहा है। 22 पदों के लिए करीब 5 हजार वकील वोट डाल रहे हैं। इस दौरान अधिवक्ता शोभा राजपूत ने कहा कि नए पदाधिकारियों से उनकी मांग होगी कि कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाएं। जजों की कमी के कारण मुकदमों की सुनवाई लंबी खिंचती है। इससे अधिवक्ताओं के साथ उनके क्लाइंट भी परेशान होते हैं। कई बार तारीख पर तारीख मिलती है, लेकिन मामलों का निस्तारण नहीं हो पाता। मतदान के लिए अधिवक्ताओं को सीओपी प्रमाण पत्र या अवध बार एसोसिएशन का पहचान पत्र साथ लाना होगा। गुरुवार को मतगणना शुरू होगी, जो परिणाम घोषित होने तक जारी रहेगी। सह चुनाव अधिकारी आरबीएस राठौर के मुताबिक, अध्यक्ष पद के लिए 11 और महासचिव पद के लिए आठ प्रत्याशी मैदान में हैं।

उत्तर रेलवे सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तीसरे दिन, आज उत्तर रेलवे मुख्यालय में सतर्कता विभाग द्वारा एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विभिन्न राउंड शामिल थे, जिसमें रेलवे स्थापना नियम, सतर्कता (अनुशासन और अपील), संविधान, पर्यावरण संबंधी मुद्दे, समसामयिक मामले, दृश्य-श्रव्य मामले जैसे विषयों पर प्रश्न शामिल थे । इस आयोजन में विभिन्न रेलवे विभागों की नौ टीमों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त आज 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' विषय पर एक विचार-विमर्श प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें राजपत्रित और अराजपत्रित रेल कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। यह कार्यक्रम सतर्कता जागरूकता सप्ताह समारोह का हिस्सा है, जिसकी इस वर्ष की थीम सत्यनिष्ठा से समृद्धि" है । सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य रेलवे संगठन के भीतर पारदर्शिता, जवाबदेही और सत्यनिष्ठा की संस्कृति को बढ़ावा देना है ।

लखनऊ के तीन, आगरा, अलीगढ़, गोरखपुर और लखीमपुर खीरी के एक-एक रक्त केंद्र पर कार्रवाई

यूपी में 40 चैरिटेबल ब्लड सेंटरों की जांच

सात के संचालन पर तत्काल रोक

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मरीजों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण रक्त उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने रक्त केंद्रों के विरुद्ध विशेष जांच अभियान शुरू किया है। एफएसडीए आयुक्त के निर्देश पर जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए रक्त की जांच, सुरक्षित भंडारण और आपूर्ति की पूरी प्रक्रिया में निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन करने के उद्देश्य से प्रदेश के 10 जनपदों में चैरिटेबल ट्रस्ट और सोसाइटी द्वारा संचालित 40 रक्त केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जांच में गंभीर अनियमितताएं मिलने पर सात रक्त केंद्रों में रक्त एवं रक्त घटकों से संबंधित गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है, जबकि अन्य केंद्रों में मिली कमियों के संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

औषधि निरीक्षकों की अंतरजनपदीय टीम द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत रक्त की गुणवत्ता, अनिवार्य संक्रमण जांच, सुरक्षित भंडारण, तापमान नियंत्रण, स्टॉक प्रबंधन, मूल्य निर्धारण और प्रशिक्षित तकनीकी कर्मचारियों की उपलब्धता समेत विभिन्न मानकों की जांच की जा रही है, जो नियमित रूप से जारी रहेगी।

लखनऊ में सबसे अधिक 13 रक्त केंद्रों का निरीक्षण

विशेष अभियान के तहत लखनऊ में 13 रक्त केंद्रों की जांच की गई। इसके अलावा आगरा में पांच, मुजफ्फरनगर में चार, बिजनौर में चार, कानपुर में पांच, अलीगढ़ में तीन, गाजियाबाद और वाराणसी में दो-दो तथा गोरखपुर और प्रयागराज में एक-एक रक्त केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रक्त केंद्रों में अनिवार्य परीक्षणों, रक्तदाताओं एवं रक्त प्राप्तकर्ताओं के अभिलेखों, तापमान नियंत्रण व्यवस्था, स्टॉक रजिस्टर, लाइसेंस की वैधता और आवश्यक चिकित्सा एवं तकनीकी कर्मचारियों की उपलब्धता की जांच की गई।

बिना अनिवार्य जांच रक्त जारी करने समेत कई खामियां

जांच में कुछ रक्त केंद्रों पर अनिवार्य एलिसा (ELISA) और अन्य संक्रमण संबंधी परीक्षणों में लापरवाही, रक्त प्राप्तकर्ताओं का पूरा विवरण दर्ज नहीं करने तथा तापमान रिकॉर्ड और स्टॉक रजिस्टर का समुचित रखरखाव नहीं करने जैसी अनियमितताएं सामने आईं। कुछ केंद्रों पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी और तकनीकी कर्मचारी भी अनुपस्थित मिले। रक्त की सुरक्षा के लिए एचआइवी (HIV), एचबीएसएजी (HBsAg), एचसीवी (HCV), वीडीआरएल (VDRL) और मलेरिया जैसे संक्रमणों की निर्धारित जांच के साथ रक्त एवं उसके घटकों का उचित भंडारण और निर्धारित तापमान बनाए रखना जरूरी है। इन मानकों की अनदेखी से रक्त की गुणवत्ता प्रभावित होने और मरीजों की सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा होने की आशंका रहती है।

युवाओं को 'जॉब सीकर' से 'जॉब क्रिएटर' बना रही योगी सरकार

युवाओं ने मंच पर पेश किए 20 से अधिक शानदार स्टार्टअप आइडिया

तमसा संकेत, संवाददाता

- 'आत्मनिर्भर यूपी' विजन के तहत अवध विश्वविद्यालय में हुआ 'यूपी राइज 2026' का भव्य आयोजन
- 15 बेहतरीन आइडिया हुए शॉर्टलिस्ट
- 'ग्रीन ग्रो ऑर्गेनिक फार्मिंग' ने जीता प्रथम पुरस्कार, 'पोर्टेबल क्रिमेशन सिस्टम' को मिला दूसरा स्थान

अयोध्या। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'आत्मनिर्भर यूपी' विजन को धरातल पर उतारने और युवाओं को उद्यमिता के प्रति प्रेरित करने के लिए बुधवार को राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में 'यूपी राइज 2026' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस वृहद आयोजन में हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने भारी उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं की मानसिकता में बदलाव लाकर उन्हें केवल नौकरी तलाशने वाला (जॉब सीकर) न बनाकर, स्वयं का उद्यम स्थापित कर दूसरों को रोजगार देने वाला 'जॉब क्रिएटर' बनाना है। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जाने-माने कंटेट क्रिएटर मुख्य अतिथि हिमेश मदान ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश में नवाचार (इनोवेशन) और स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए निरंतर काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने युवाओं को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, यूपी स्टार्टअप फंड, मुख्यमंत्री अभ्युदय निशुल्क कोचिंग योजना और यूपी स्किल मिशन जैसी महत्वाकांक्षी नीतियों के बारे में विस्तार से बताया।

दावा- सरकारी पैसे से बनाई गई, मार्केट कीमत 1170 करोड़ रुपए

आजम की जौहर यूनिवर्सिटी ईडी ने अटैच की

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने बुधवार को वरिष्ठ सपा नेता आजम खान की मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी पर बड़ी कार्रवाई की। एजेंसी ने यूनिवर्सिटी की जमीन-इमारतों को अपने कब्जे में ले लिया है।

ईडी के मुताबिक, अटैच की गई संपत्तियों की कीमत 426.46 करोड़ रुपए है। हालांकि, इनकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 1,170 करोड़ रुपए आंकी गई है। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की गई है।

ईडी की ओर से बताया गया है कि जौहर यूनिवर्सिटी का संचालन मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट करता है। ट्रस्ट की स्थापना आजम खान ने की थी। वह इसके प्रमुख ट्रस्टी हैं। यूनिवर्सिटी का परिसर रामपुर के जौहर नगर क्षेत्र में स्थित है।

फर्जी डोनेशन और टैक्स चोरी: जांच में खुलासा हुआ कि ट्रस्ट ने अपनी बैलेंस शीट में 78.32 करोड़ रुपए का डोनेशन दिखाया था, जिसमें से 66.03 करोड़ रुपए के फर्जी होने का पता चला है। इसी के चलते आयकर विभाग (IT) पहले ही ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन रद्द कर चुका है। गरीबों के मकान ढहाकर मलबा यूनिवर्सिटी भेजा: रामपुर में पुलिस जांच के दौरान यह भी सामने आया कि 2016 में आजम खान के इशारे पर कई गरीब परिवारों के मकानों पर बुलडोजर चलाकर उन्हें तोड़ा गया और उस मलबे का इस्तेमाल यूनिवर्सिटी निर्माण में किया गया था।

ईडी ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में गहन जांच अभी जारी है। इससे पहले अगस्त- 2026 में ईडी ने आजम खान और उनसे जुड़े परिसरों पर छापेमारी कर कई महत्वपूर्ण डिजिटल सबूत और दस्तावेज बरामद किए थे।

ईडी का आरोप है कि सरकारी धन, ठेकेदारों से प्राप्त रकम और जमीन से जुड़े मामलों में अनियमितताओं के जरिए अपराध से अर्जित धन का इस्तेमाल यूनिवर्सिटी की संपत्तियां बनाने में किया गया।

1170 करोड़ की यूनिवर्सिटी कैंपस संपत्ति जब्त: जौहर नगर, सींगनखेड़ा (रामपुर) स्थित यूनिवर्सिटी कैंपस की इमारतें और जमीन मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट के पास हैं। आजम खान इस ट्रस्ट के संस्थापक और यूनिवर्सिटी के मानद कुलाधिपति हैं।

सरकारी फंड और ठेकेदारों के पैसे का गलत इस्तेमाल: ईडी की जांच में सामने आया कि यूनिवर्सिटी के निजी कैंपस में सरकारी विकास योजनाओं और ठेकेदारों के फंड को ट्रस्ट के खातों में डायवर्ट किया गया। रामपुर नगर पालिका की सफाई मशीन तक को यूनिवर्सिटी में इस्तेमाल किया गया था।

किसानों और शत्रु संपत्ति पर अवैध कब्जे का आरोप: रामपुर के अजीम नगर थाने में दर्ज 26 एफआईआर के आधार पर ईडी ने जांच शुरू की थी। इसमें किसानों की जमीन हड़पने और लगभग 34 एकड़ शत्रु संपत्ति (Enemy Property) पर गैर-कानूनी कब्जे के मामले शामिल हैं।

सिंगापुर की कंपनियों को यूपी में निवेश का आमंत्रण

जेवर के पास 'सिंगापुर सिटी' बनाने का प्रस्ताव

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में योगी सरकार ने सिंगापुर की कंपनियों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया है। मंगलवार को लखनऊ के ताज पैलेस होटल में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना और औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने सिंगापुर बिजनेस फेडरेशन के नेतृत्व में आए 14 सदस्यीय उच्चस्तरीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। इसमें लॉजिस्टिक्स, हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर, डेटा सेंटर, स्वच्छ ऊर्जा, शहरी नियोजन और हॉस्पिटैलिटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

बैठक में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के निकट समर्पित 'सिंगापुर सिटी' और हाईटेक औद्योगिक टाउनशिप विकसित करने का प्रस्ताव भी रखा गया। इसका उद्देश्य सिंगापुर की कंपनियों को उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आकर्षित करना और दोनों पक्षों के बीच औद्योगिक एवं कारोबारी सहयोग को नई गति देना है।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि उत्तर प्रदेश अपनी प्रतिबद्धताओं को धरातल पर उतारने में विश्वास रखता है। प्रदेश में 36 से अधिक क्षेत्र-विशिष्ट नीतियां और प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति निवेशकों को आकर्षक अवसर उपलब्ध करा रही है। उद्यमियों को अब तक लगभग 70,000 करोड़ रुपये से अधिक की प्रोत्साहन राशि दी जा चुकी है। उन्होंने सिंगापुर के निवेशकों से प्रदेश की नीतियों और कार्यप्रणाली पर भरोसा रखते हुए निवेश की संभावनाओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

सहयोग : रेलवे, एनडीआरएफ, सिविल डिफेन्स तथा अन्य एजेंसियो के संयुक्त तत्वाधान में हुई मॉक ड्रिल

आपदा प्रबंधन का संयुक्त अभ्यास

तमसा संकेत, संवाददाता

जनसम्पर्क विभाग द्वारा मीडीया को दुर्घटना से सम्बन्धित वास्तविक जानकारी उपलब्ध कराई गयी इसके साथ ही हेल्पलाइन नम्बर जारी किये गये व घायलों के परिजनों से सम्पर्क (समन्वय) हेतु सार्थक प्रयास किये गये ।

लखनऊ। उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मंडल के लालगढ़ स्टेशन यार्ड में, संरक्षा विभाग द्वारा बुधवार को (28.10.26) को सुबह मॉक ड्रिल की गई। इस मॉक ड्रिल के अन्तर्गत गाडी संख्या 19720 (सूरत-गढ़-जयपुर) जब लालगढ़ स्टेशन यार्ड में प्रवेश कर रही थी उसी समय इस ट्रेन के दो कोच 11.11 बजे डिरेलमेंट हो गये । इस स्थिति को देखकर ट्रेन मैनेजर ने तत्परता दिखाते हुए स्टेशन मास्टर को तुरंत सूचना दी 1 स्टेशन मास्टर ने कंट्रोल के माध्यम से उच्च अधिकारियों को सूचना दी । इसके बाद अधिकारियों ने सेल्फ प्रोपेल्ड एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन(SPART) एवं दुर्घटना राहत गाड़ी(ART) को घटनास्थल पर पहुँचने का आदेश दिया साथ ही NDRF (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल)व SDRF (राज्य आपदा मोचन बल) को भी सूचित किया । आदेश पाकर उक्त राहत प्रदान करने वाली गाडीयां घटना स्थल लालगढ़ स्टेशन यार्ड के लिए रवाना हुई 1 अधिकारियों ने रेलवे अस्पताल लालगढ़, राजकीय अस्पताल बीकानेर, अग्निशमन विभाग,स्काउट गाइड एवं सिविल पुलिस बल को सहयोग के लिए तत्काल सूचित किया गया 1 घटनास्थल पर एक स्लीपर कोच दूसरे स्लीपर कोच के ऊपर चढ़ा हुआ था 1 इस स्थिति को देखकर सभी बचाव दलों, दुर्घटना राहत गाड़ियों व SPART ने त्वरित गति से कार्य शुरू किया । इसमें एनडीआरएफ की टीम ने टीम के सदस्यों ने अपनी सूझबूझ में अत्याधुनिक तकनीकी मशीनों से त्वरित कार्रवाई करते हुए राहत एवं बचाव कार्यों में महती भूमिका निभाने का प्रदर्शन किया। सर्वप्रथम दुर्घटनास्थल को विशेष चमकीले टैग से घेराबंदी किया गया और उसमें अनावश्यक खड़ी जनता को दूर किया गया, फिर एनडीआरएफ की टीम द्वारा लाउडस्पीकर से घोषणा की गई, कि हमारी टीम द्वारा सभी फंसे हुए घायलों को बाहर निकाल लिया जाएगा आप धैर्य बनाए रखें और अपना सहयोग प्रदान करें।

इस मॉकड्रिल में कुल 7 एम्बुलेंस पहुँची

इस घटना में कुल 38 व्यक्ति घायल हुए जिनको बाहर निकालकर उपचार किया गया। इसमें कुछ घायलों को निजी प्राइवेट हॉस्पिटल एवं स्थानीय सरकारी अस्पताल में भी उपचार हेतु एंबुलेंस के माध्यम से भेजा गया। इस मॉकड्रिल में कुल 7 एम्बुलेंस पहुँची जो रेलवे,राजकीय एवं प्राइवेट हॉस्पिटल, 108 एंबुलेंस की सर्विस सम्मिलित थी। इस प्रक्रिया में चिकित्सा विभाग द्वारा घरेलू की एक सूची तैयार की गई जिसमें रेलवे स्टाफ निश्चित किया कि कोई भी घायल अब इन कोचों में नहीं बचा है। 12.15. बजे मंडल रेल प्रबन्धक गौरव गोविल ने इसको मॉक ड्रिल घोषित कर दिया ।

अवध बार एसोसिएशन का चुनाव 5000 वकील डाल रहे वोट

लखनऊ में 22 पद, बैनर पोस्टर लेकर समर्थक गेट पर खड़े

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के अवध बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के लिए बुधवार को मतदान हो रहा है। 22 पदों के लिए करीब 5 हजार वकील वोट डाल रहे हैं।

इस दौरान अधिवक्ता शोभा राजपूत ने कहा कि नए पदाधिकारियों से उनकी मांग होगी कि कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाएं। जजों की कमी के कारण मुकदमों की सुनवाई लंबी खिंचती है। इससे अधिवक्ताओं के साथ उनके क्लाइंट भी परेशान होते हैं। कई बार तारीख पर तारीख मिलती है, लेकिन मामलों का निस्तारण नहीं हो पाता।

अधिवक्ता दीपक ने कहा कि अवध बार एसोसिएशन का चुनाव साल में एक बार होने वाला बेहद महत्वपूर्ण चुनाव है। चुने गए पदाधिकारी वकीलों के हितों के लिए काम करते हैं और उनकी समस्याओं व मुद्दों को संबंधित मंचों पर उठाते हैं। अधिवक्ता शोभा राजपूत ने कहा कि मतदान हम सभी अधिवक्ताओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। नए पदाधिकारियों से हमारी मांग होगी कि वे कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने पर जोर दें। जजों की कमी के कारण मुकदमों की सुनवाई लंबी खिंचती है।

सीओपी प्रमाण पत्र या आईडी कार्ड जरूरी

मतदान के लिए अधिवक्ताओं को सीओपी प्रमाण पत्र या अवध बार एसोसिएशन का पहचान पत्र साथ लाना होगा। गुरुवार को मतगणना शुरू होगी, जो परिणाम घोषित होने तक जारी रहेगी। सह चुनाव अधिकारी आरबीएस राठौर के मुताबिक, अध्यक्ष पद के लिए 11 और महासचिव पद के लिए आठ प्रत्याशी मैदान में हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष का पद महिलाओं के लिए आरक्षित है। इस पर तीन प्रत्याशी चुनाव लड़ रही हैं। उपाध्यक्ष मध्य पद पर 14 और उपाध्यक्ष जूनियर पद पर 12 उम्मीदवार मैदान में हैं। संयुक्त सचिव के पदों पर भी मुकाबला है। महिलाओं के लिए आरक्षित एक सीट पर सात प्रत्याशी चुनाव लड़ रही हैं।

नोएडा में 5 कर्मचारी सस्पेंड, एफआईआर दर्ज, लोग बोले- अकाउंट में जीरो बैलेंस हो गया

पीएनबी बैंक में खातों से करोड़ों रुपए गायब

जांच

तमसा संकेत, एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर । ग्रेटर नोएडा में पंजाब नेशनल बैंक (PNB) में खातों से करोड़ों रुपए गायब होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि खाताधारकों के 30 से 35 करोड़ रुपए गायब हुए हैं।

कहा जा रहा है कि जिन लोगों ने FD (फिक्स डिपाजिट) कराई थी, उनका बैलेंस जीरो दिखा रहा। जिनके सेविंग अकाउंट में 3-4 लाख रुपए जमा थे, उनमें 16 से 20 हजार ही बचे हैं। जिन लोगों को



सरकारी मुआवजे की 1 करोड़ 29 हजार रुपए राशि मिली थी, उनके खाते से पूरी रकम गायब है। 18 लोगों की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं, मामला सामने आने के बाद बैंक मैनेजर समेत 5 कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया। उनकी जगह नया स्टाफ तैनात किया गया है। बैंक अफसरों ने खाताधारकों को भरोसा दिया है कि उनकी रकम गुरुवार तक खातों में वापस आ जाएगी। हालांकि खाताधारकों की रकम बैंक से चोरी हुई, गायब हुई या डिजिटल डकैती पड़ी, इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। न ही बैंक की तरफ से कोई बयान जारी किया गया है।

मुआवजे में मिले 1.29 करोड़, एक करोड़ से ज्यादा गायब

बृजेश ने बताया- नोएडा एयरपोर्ट के लिए मेरी मां की जमीन अधिग्रहीत की गई थी। इसके बदले उनके खाते में करीब 1 करोड़ 29 लाख रुपए का मुआवजा आया था। परिवार ने इसमें से केवल 15 लाख रुपए ही निकाले थे। अब उनके खाते से एक करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम गायब है। बैलेंस जीरो दिखाई दे रहा है।

बैंक अकाउंट खाली, अब क्या करें

बैंक के बाहर बहन के साथ बैठी बुजुर्ग महिला संतोष ने बताया- मेरा 1 करोड़ 29 लाख रुपया आया था। मेरी बहन का भी इतना ही मुआवजा आया था। उसमें से कुछ रुपए निकाल लिए थे, बाकी रह गए हैं। अब हमारा 1 करोड़ 18 लाख गायब है। जीरो बैलेंस दिखा रहा है। ये बैंक वाले कुछ बता भी नहीं रहे हैं। हम पूछ रहे तो बोले रहे हैं कि हम तो नए आए हैं। मेरा घर बन रहा है, बच्चे किराए पर पड़े हैं। बेटी बीमार थी। पति के रिटायर होने पर 32 लाख रुपए मिले थे, वो उसके इलाज में लग गए। बेटी की भी मौत हो गई। अब हमारे पास एक भी पैसा भी बचा है। हम पूरी तरह बर्बाद हो गए हैं।

बैंक के बाहर खाताधारकों की पीएनबी मुर्दाबाद के नारे लगाए।

पैसे निकालने के नाम पर केवाईसी मांगते थे

बुजुर्ग धर्मवीर ने बताया- मेरे 17.5 लाख थे। बैंक ने 2 साल से मुझे कोई एंट्री भी नहीं करने दी। मेरे साथ बहुत धोखाधड़ी की। कभी खाता बंद कर देते हैं, कभी पैन कार्ड खराब बता देते हैं। कभी आधार कार्ड की केवाईसी कराने के लिए बोलते थे। मैं कल बैंक आया। मेरे खाते में 17.5 लाख थे। मैनेजर ने दिखाया कि खाते में कुछ नहीं है। दादी का भी इसी बैंक में खाता है। उसमें 61 लाख हैं, वे पता नहीं होंगे भी या नहीं। सवा 2 लाख की मेरी एफडी भी है।

आगरा में मुसलमान बन जाऊंगा कहने वाले आकाश अग्रवाल जीते

शिक्षक सीट पर बीजेपी के हरि किशोर तिवारी को हराया

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा से शिक्षक सीट पर सपा के आकाश अग्रवाल जीत गए हैं। उन्होंने भाजपा के हरिकिशोरी तिवारी को हराया है। आकाश को रिटर्निंग अधिकारी/मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप ने प्रमाण पत्र दिया। डा. आकाश अग्रवाल लगातार दूसरी बार शिक्षक एमएलसी बने हैं। इस बार वह सपा से प्रत्याशी थे। जबकि इससे पहले वह निर्दलीय चुनाव जीते थे। पिछली बार भाजपा के डा. दिनेश चंद्र वशिष्ठ को हराया था। आगरा शिक्षक सीट पर 25 घंटे तक मतगणना प्रक्रिया चली। वहीं, स्नातक सीट पर भाजपा प्रत्याशी डा. मानवेंद्र प्रताप सिंह ने जीत दर्ज की है। इससे मंगलवार रात जमकर हंगामा हुआ। सपा प्रत्याशी ने आरोप लगाया कि भाजपा के लोगों ने उनके साथ मारपीट की। उनका कुर्ता फाड़ दिया। वह अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। वहीं भाजपा के हरिकिशोर तिवारी ने भी सपा के लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया था। कहा था कि सपाइयों ने उनका कुर्ता फाड़ दिया। मतगणना के दौरान सपा प्रत्याशी डा. आकाश अग्रवाल ने मारपीट और कुर्ता फाड़ने का आरोप लगाया। दूसरी ओर भाजपा प्रत्याशी हरिकिशोर तिवारी भी समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। उन्होंने सपा समर्थकों पर अभद्रता करने के आरोप लगाए। विवाद के चलते कुछ समय के लिए मतगणना प्रभावित होने की खबर सामने आई। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने स्थिति संभालने का प्रयास किया। आगरा खंड स्नातक निर्वाचन 2026 के पांचवें राउंड के बाद भाजपा प्रत्याशी डा. मानवेंद्र प्रताप सिंह के कुल 31,393 और सपा प्रत्याशी शशांक यादव के 22,537 वोट हो गए हैं।

फास्ट न्यूज

जज पर हमला करने वाला बीएसएफ जवान गिरफ्तार

आगरा । अलीगढ़ के अपर जिला जज (ADJ) पर हमला करने वाले BSF जवान को खंदौली पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और उसके साथ आए अन्य हमलावरों के बारे में जानकारी जुटा रही है। घटना 24 अक्टूबर की है। अलीगढ़ कोर्ट संख्या-5 में तैनात ADJ गुलाम मुस्तफा अपने परिवार के साथ कार से लखनऊ जा रहे थे।

12 साल की बच्ची से रेप करने वाले को उम्रकैद

आगरा । खेरागढ़ थाना क्षेत्र में 12 साल की बच्ची से दुराचार के मामले में पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी ओमवीर को शेष प्राकृतिक जीवन तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनिका चौधरी ने दोषी पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने जुर्माने की पूरी राशि पीड़िता को देने और उचित प्रतिकर दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को आदेश की प्रति भेजने के निर्देश दिए हैं। मामला 17 अप्रैल 2025 का है। अभियोजन के मुताबिक, बच्ची का पिता काम के सिलसिले में जगनेर गया था। घर पर उसकी 12 साल की बेटी समेत चार बच्चे अकेले थे।

आगरा में सपा प्रत्याशी से मारपीट, कुर्ता फाड़

आगरा । एमएलसी शिक्षक चुनाव की मतगणना के दौरान सपा प्रत्याशी डॉ. आकाश अग्रवाल के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि मतगणना स्थल पर उनके साथ मारपीट की गई और उनका कुर्ता फाड़ दिया गया। आकाश अग्रवाल ने भाजपा समर्थकों पर हमला करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद मतगणना स्थल पर तनाव का माहौल बन गया। सपा और भाजपा समर्थक आमने-सामने आ गए।

यूपी में करवाचौथ से पहले पत्नी को काट डाला

3 बच्चों के सामने ताबड़तोड़ कुल्हाड़ी मारी

तमसा संकेत, एजेंसी

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में करवाचौथ से एक दिन पहले पति ने पत्नी को कुल्हाड़ी से काट डाला। उसने तीन छोटे बच्चों के सामने मां पर ताबड़तोड़ वार किए। पत्नी जैसे ही लहूलुहान होकर नीचे गिरी। पति 6 साल के बेटे को लेकर घर से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस को परिवारवालों ने बताया- पति नौकरी करने लुधियाना जाना चाहता था। जबकि, पत्नी बार-बार उसे दिल्ली में जॉब करने की जिद कर रही थी। इसी को लेकर दोनों का बुधवार दोपहर करीब 2 बजे झगड़ा हुआ था। घटना जिला मुख्यालय से 65 किमी दूर अल्हागंज के चौरसिया गांव की है। चौरसिया गांव के अवनीश (35) के साथ में सुशीला (30) की शादी आठ साल पहले हुई थी। अवनीश सुशीला और 3 बच्चों के साथ गांव में रहता था। इनमें दो बेटे (6 और 3 साल), बेटी (3) साल की है। बुधवार दोपहर घर में खाना खाने की तैयारी चल रही थी। एक थाली में रोटी और सब्जी रखी थी। तभी पति-पत्नी के बीच झगड़ा शुरू हो गया। अवनीश ने कमरे के कोने में रखी कुल्हाड़ी उठाई। इसके बाद सुशीला की गर्दन-सीने पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। उसे लहूलुहान छोड़ घर से सबसे बड़े बेटे को लेकर भाग निकला। मां के पास दोनों छोटे बच्चे घर में रोते रहे। बच्चों को चुप कराने के लिए किसी ने दूध की बोतल दी।

झांसी-इलाहाबाद एमएलसी चुनाव के नतीजे घोषित, समर्थकों ने लगाए नारे

सपा प्रत्याशी मान सिंह 27663 वोट से जीते

प्रसन्नता

तमसा संकेत, एजेंसी

सपा प्रत्याशी डॉ. मान सिंह यादव को जीत का प्रमाणपत्र देते अधिकारी।

झांसी। झांसी-इलाहाबाद खंड स्नातक एमएलसी चुनाव में सपा प्रत्याशी डॉ. मान सिंह यादव ने जीत दर्ज की है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर को 27663 वोटों से हराया। नतीजे घोषित होते ही सपा समर्थकों ने खुशी जताई और नारे लगाए।

मतगणना बुंदेलखंड महाविद्यालय में कराई गई। चुनाव के लिए 23 अक्टूबर को मतदान हुआ था। इस बार कुल 13 प्रत्याशी मैदान में थे। चुनाव में डॉ. मान सिंह यादव मौजूदा एमएलसी के तौर पर सपा के प्रत्याशी थे। मतगणना पूरी होने के बाद उनकी जीत की घोषणा की गई। झांसी-इलाहाबाद खंड स्नातक एमएलसी चुनाव में सपा प्रत्याशी डॉ. मान सिंह यादव ने भाजपा के अशोक कुमार राठौर को 25 हजार वोटों से हराया। बुंदेलखंड महाविद्यालय में मतगणना पूरी होने के बाद उनकी जीत घोषित की गई। नतीजे सामने आते ही सपा समर्थकों ने खुशी जताई और नारे लगाए। चुनाव में कुल 13 प्रत्याशी मैदान में थे। डॉ. मानसिंह यादव ने कहा- यह कार्यकर्ताओं की जीत है और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी का जो एक विजनरी लीडरशिप है। और मैं यह कहूंगा कि यह मुद्दों की भी जीत है। लगातार उन्होंने शिक्षामित्र, पुरानी पेंशन, आपका वित्तविहीन शिक्षक, पेपर लीक, 69,000 शिक्षक भर्ती, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट और आउटसोर्सिंग, कई मुद्दों पर माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने कहा कि सरकार बनने पर हम युवाओं को इन मुद्दों के साथ कहीं न कहीं लेकर चलेंगे।

मतगणना स्थल पर चेकिंग करने पहुंचे जिला प्रशासन के अधिकारी।

सपा प्रत्याशी बोले- मेरी जीत मुद्दों की जीत है

डॉ. मानसिंह यादव बोले- यह जीत मुद्दों की जीत है। इसके साथ ही 2027 के चुनावों के लिए साफ संकेत है कि PDA फिर से सत्ता में आने वाला है।

झांसी-इलाहाबाद खंड स्नातक एमएलसी चुनाव में सपा प्रत्याशी डॉ. मान सिंह यादव ने जीत के बाद समर्थकों की बधाई स्वीकार की। इसके बाद घर के लिए रवाना हो गए।

भाजपा प्रत्याशी अशोक राठौर ने कहा- अब तक 5000 वोटों का रुझान आया है। पहले राउंड में बढ़त बनाई थी और उम्मीद है कि अंतिम राउंड में भी बढ़त बनाएंगे। लगभग 3.5 राउंड की गणना शेष है, जिसका इंतजार किया जा रहा है। करीब 12:00 बजे तक रिजल्ट आ जाएगा।

फायरिंग की आवाज सुनकर पहुंचे चाचा, जमीन पर खून से लथपथ पड़ा मिला शव

अमरोहा में युवक ने घर में गोली मारकर की आत्महत्या

खुदखुशी

तमसा संकेत, एजेंसी

धनौरा। अमरोहा के बछरायूं थाना क्षेत्र के महमदी गांव में बुधवार दोपहर 12.02 बजे 24 वर्षीय गौरव चौधरी ने अपने घर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

गौरव मुरादाबाद की एक होंडा कंपनी में फाइनेंस का काम करता था। घटना के समय वह घर पर अकेला था। सूचना मिलने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मंडी धनौरा ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

चाचा कुलविंदर सिंह और महेश सिंह ने बताया कि गौरव के पिता रामवीर सिंह का वर्ष 2016 में और मां का वर्ष 2019 में निधन हो गया था। गौरव अविवाहित था और उसकी दो बहनें हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। माता-पिता की मौत के बाद वह अकेला रह गया था। हालांकि, आत्महत्या के पीछे की असली वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मंडी धनौरा की सीओ अंजलि कटारिया और बछरायूं थाना प्रभारी अतवीर चौहान ने पुलिस बल के साथ मामले की जानकारी ली। अधिकारियों ने परिजनों और रिश्तेदारों से पूछताछ कर घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। युवक की अचानक मौत से महमदी गांव में शोक का माहौल है।

गोली चलने की आवाज सुनकर पहुंचे चाचा

परिजनों के मुताबिक, बुधवार दोपहर करीब 12 बजे गौरव घर पर अकेला था। इसी दौरान पास में रहने वाले उसके चाचा कुलविंदर सिंह ने घर से गोली चलने की आवाज सुनी। वह तुरंत मौके पर पहुंचे तो गौरव खून से लथपथ जमीन पर पड़ा मिला।

इसके बाद चाचा और अन्य परिजन उसे आनन-फानन में सीएचसी मंडी धनौरा ले गए। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, गौरव ने सीने में गोली मारी थी।

एमबीबीएस छात्रों ने जूनियर को मुर्गा बनाया अश्लील हरकतें कराईं

मेडिकल कॉलेज के 17 छात्र सस्पेंड, 25-25 हजार जुर्माना लगा

तमसा संकेत, एजेंसी

जालौन । जालौन में रैगिंग करने पर 17 MBBS छात्रों को 3 महीने के लिए सस्पेंड कर दिया गया। साथ ही सभी पर 25-25 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है।

बता दें, 21 अक्टूबर को राजकीय मेडिकल कॉलेज में 2025 बैच के MBBS छात्रों ने अपने जूनियर साथियों को रात 9 बजे कमरे में बुलाया। वहां उसकी रैगिंग की। 24 अक्टूबर को रैगिंग का वीडियो सामने आया।

इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने जांच की और 7 छात्रों को एक सप्ताह के लिए सस्पेंड कर दिया। साथ ही हर छात्र पर 1 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

इसके बाद कॉलेज प्रशासन ने जांच आगे बढ़ाई। इसमें 10 और छात्रों की संलिप्तता सामने आई। इसके बाद आरोपी छात्रों की संख्या बढ़कर 17 हो गई। मामला उरई कोतवाली क्षेत्र का है।

कॉलेज प्रशासन ने रैगिंग रोकने के लिए 21 अक्टूबर को कार्यालय नोटिस लगाया था। इसमें बताया गया है कि जूनियर छात्रों से मोबाइल नंबर मांगना या उन्हें अपना नंबर देने के लिए मजबूर करना रैगिंग नियमों के तहत दंडनीय है। जूनियर छात्रों को मैसेज भेजने पर भी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

ऐसे ली गई रैगिंग

राजकीय मेडिकल कॉलेज में सीनियर छात्रों ने 21 अक्टूबर को 2026 बैच के जूनियर छात्रों को कमरे में बुलाया। यहां उन्हें पहले मुर्गा बनाया गया, सिर नीचे करवाया गया। इसके बाद उनसे अश्लील हरकतें कराई गईं। हाथ ऊपर करवाकर रैगिंग की गई। 24 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे किसी छात्र ने इस रैगिंग का वीडियो वायरल कर दिया। इसमें सीनियर छात्र जूनियर छात्रों को कमरे में बंद कर गाली-गलौज और परेशान करते दिखाई दिए। इसके बाद प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद त्रिवेदी ने कॉलेज प्रशासन ने जांच के लिए टीम बनाई।

पृष्ठ 01 का शेष...

केंद्रीय कर्मचारियों...

मिनिमम बेसिक सैलरी वालों के लिए: अगर किसी कर्मचारी की बेसिक पे 18,000 है, तो 3% की बढ़ोतरी के हिसाब से हर महीने 540 का इजाफा होगा। हायर पे-स्केल वालों के लिए: अगर किसी वरिष्ठ अधिकारी की बेसिक सैलरी 56,100 है, तो उनकी मासिक सैलरी में लगभग 1,683 की सीधी बढ़ोतरी होगी।

एरियर का भुगतान: चूंकि यह फैसला जुलाई से प्रभावी है, इसलिए कर्मचारियों को जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने का बकाया (Arrears) भी आगामी सैलरी के साथ दिया जाएगा।

क्यूफान अर्नब से...

ओडिशा में भारी बारिश के चलते 16 जिलों में स्कूल बंद हैं। यहां 30 हजार लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया गया है। आंध्र प्रदेश और ओडिशा में 4,000 साइक्लोन शेल्टर बनाए गए हैं।

विशाखापट्टनम में रात 27 अक्टूबर की सुबह 8:30 बजे से 28 अक्टूबर की सुबह 3 बजे तक, यानी करीब 18 घंटे में 200mm से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। यह जुलाई में होने वाली औसत बारिश के डेढ़ गुना से ज्यादा है। यहां जुलाई में औसतन 133mm बारिश होती है। आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में भारी बारिश हो रही है। कई इलाकों में पानी भर गया है। जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर है। कलेक्टर ने अधिकारियों से लोगों और पशुओं को सुरक्षित जगह पहुंचाने का निर्देश दिया। इंडियन एयरफोर्स ने चक्रवात अर्नब से प्रभावित विजयवाड़ा में 23 टन राहत सामग्री पहुंचाई। इसके लिए 2 C-130J विमानों का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा NDRF की टीम भी भेजी गई है। वायुसेना ने कहा कि वह लोगों की जान बचाने और राष्ट्रीय आपदा राहत कार्यों में मदद के लिए हमेशा तैयार है।

एमएलसी चुनाव में...

कर्नाटक में MLC की चार सीटों पर कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। विपक्षी जनता दल (सेक्युलर) यानी जेडीएस ने कांग्रेस से एक सीट छीन ली, जबकि उसकी सहयोगी भाजपा ने अपनी तीनों सीटें बरकरार रखीं।

बेंगलुरु शिक्षक सीट पर भाजपा के समर्थन से चुनाव लड़ रहे जेडीएस उम्मीदवार एपी रंगनाथ ने कांग्रेस के मौजूदा एमएलसी पुट्टन्ना को 908 वोटों से हराया। पुट्टन्ना को 9,902 वोट मिले, जबकि रंगनाथ को 10,810 वोट मिले। उत्तर-पूर्व शिक्षक सीट पर भाजपा के मौजूदा एमएलसी शशिल जी. नामोशी ने कांग्रेस उम्मीदवार शरणप्पा मत्तूर को हराया। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, नामोशी ने इस सीट पर लगातार पांचवीं बार जीत दर्ज की है। नामोशी को 15,596 वोट मिले, जबकि मत्तूर को 12,299 वोट मिले। नामोशी ने 3,297 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। महाराष्ट्र विधान परिषद की पांच सीटों में से चार के नतीजे आ गए हैं। दो सीटें सत्ताधारी एनडीए यानी महायुति ने जीती हैं और दो सीटें विपक्ष यानी महाविकास आघाडी ने। पुणे शिक्षक सीट पर भाजपा के कौस्तुभ गावडे जीते और अमरावती शिक्षक सीट पर शिंदे की शिवसेना के किरण सरनाईक जीते। दूसरी ओर, छत्रपति संभाजीनगर स्नातक सीट पर शरद पवार गुट के प्रतापसिंह पाटील ने सतीश चव्हाण को हराया, और पुणे स्नातक सीट पर भी शरद पवार गुट की हर्षदा देशमुख-जाधव की जीत की खबर है। नागपुर स्नातक सीट अभी बाकी है, जहां भाजपा के सुधाकर कोहाले और कांग्रेस के अभिजीत वंजारी के बीच कांटे की टक्कर चल रही है। पुणे स्नातक की पुष्टि आयोग से कर लें।

विपक्ष घोस्ट वोटर्स...

भाजपा ने दिल्ली में गौरी शंकर मंदिर से शुरू होकर टाउन हॉल तक करीब 500 मीटर लंबी पदयात्रा निकाली। नितिन नवीन के अलावा सीएम रेखा गुप्ता और अन्य नेता भी शामिल हुए।

नितिन नवीन ने कहा, भगवान महावीर की इस पवित्र भूमि के सामने खड़े होकर हम इस यात्रा, इस पैदल मार्च की शुरुआत करने जा रहे हैं। हमारे मित्र और विपक्ष के कई साथी सोचते हैं कि भाजपा के कार्यकर्ता किस मिट्टी के बने हैं। वे सत्ता में रहते हुए भी सड़कों पर संघर्ष करते हैं और विपक्ष में रहते हुए भी सड़कों पर अपनी आवाज उठाते हैं। यही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान है।

दोस्तों, लोकतंत्र सुरक्षित हाथों में है। लोकतंत्र में लोगों का जो विश्वास है, वह नरेंद्र मोदी के साथ है। अगर लोकतंत्र नरेंद्र मोदी के हाथों में है, तो वह पूरी तरह सुरक्षित है। देश की जनता जानती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो इसी मिट्टी के बेटे हैं, देश के 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार मानते हैं। उनके सुख-दुख में अगर कोई उनके साथ खड़ा रहता है, तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

रेखा गुप्ता ने कहा, 'अगर विपक्ष को लगता है कि वे जनता के वोटों से चुनी गई सरकार को हटाकर सत्ता परिवर्तन कर सकते हैं, तो उन्हें यह ख्याल छोड़ देना चाहिए। क्योंकि जनता कह रही है, 'मोदी कहीं नहीं जा रहे हैं।'

गोरखपुर में भाजपा...

आगरा में फूट-फूट कर रोते हुए इस्लाम धर्म कबूलने की धमकी देने वाले सपा के आकाश अग्रवाल जीत गए हैं। शिक्षक सीट पर उन्होंने भाजपा के हरि किशोर तिवारी को हराया।

भाजपा मेरठ की स्नातक और शिक्षक, दोनों MLC सीटें लगातार दूसरी बार जीत चुकी है। स्नातक सीट पर दिनेश गोयल और शिक्षक सीट पर श्रीचंद शर्मा ने जीत दर्ज की। बरेली शिक्षक सीट पर भाजपा के डॉ. हरि सिंह ढिल्लों और लखनऊ शिक्षक सीट पर उमेश द्विवेदी ने जीत हासिल की।

वाराणसी में एमएलसी चुनाव की मतगणना पर मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि अभी स्नातक एमएलसी सीट की गिनती जारी है। अब तक करीब पांच राउंड की काउंटिंग पूरी हो चुकी है, जबकि चार से ज्यादा राउंड की गिनती बाकी है। उन्होंने कहा कि मतगणना पूरी होने दीजिए।

गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक MLC सीट पर हार के बाद प्रत्याशी राजीव यादव ने मतगणना में गड़बड़ी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उन्हें जानबूझकर हराया गया है और 1000 वोटों की चोरी हुई है।

राजीव यादव ने कहा कि वह इस मामले को लेकर निर्वाचन आयोग जाएंगे और कोर्ट में भी अपील करेंगे। उन्होंने चौथे राउंड में गिने गए 1,612 मतों की फोरेंसिक जांच कराने की मांग की।

गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ध्रुव त्रिपाठी ने 307 वोटों से जीत दर्ज की।

आगरा में स्नातक MLC चुनाव में भाजपा के विजयी प्रत्याशी मानवेंद्र प्रताप सिंह ने अपनी जीत को पार्टी के विकास कार्यों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा स्नातकों की सुरक्षा, उनकी चिंता और कल्याण के लिए काम कर रही है। इसी वजह से प्रदेश का युवा मजबूती से भाजपा के साथ खड़ा है।

स्पेन में हाई स्पीड ट्रेनें...

इसमें 46 लोगों की मौत हुई थी। Iryo कंपनी की हाई-स्पीड ट्रेन मालागा से मैड्रिड जा रही थी। ट्रेन के कुछ डिब्बे पटरी से उतरकर दूसरी पटरी पर चले गए थे और सामने से आ रही Renfe की ट्रेन से टकरा गए थे।

लोगों ने बताया था कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि उन्हें भूकंप जैसा झटका महसूस हुआ था।

इलाहाबाद एचसी में...

यह घटना कोर्ट नंबर 49 में हालिया विवाद के बाद हुई है, जहां एक वकील को जेल भेजने की चेतावनी दी गई थी और उन्हें एक एसपी से माफी मांगने को कहा गया था। इसके जवाब में, इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने कोर्ट नंबर 49 के बहिष्कार का आह्वान किया था, जिसके परिणामस्वरूप बुधवार को यह हंगामा हुआ।

40 हजार दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद, ईडन पार्क में तीसरी सबसे बड़ी भीड़ होगी

ऑकलैंड में भारत-न्यूजीलैंड चौथे टी20आई के सभी टिकट बिके

बढ़त

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और न्यूजीलैंड के बीच चौथे टी-20 के सभी टिकट बिक गए हैं। शुक्रवार को ऑकलैंड के ईडन पार्क में होने वाले मैच को देखने 40 हजार से ज्यादा दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुताबिक, यह मैदान पर किसी अंतरराष्ट्रीय मैच की तीसरी सबसे बड़ी दर्शक संख्या हो सकती है।

भारतीय टीम शुरुआती तीनों मैच जीतकर पांच मैचों की सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना चुकी है। सीरीज के अब तक चार मैचों के टिकट बिक चुके हैं। इनमें शुरुआती दो मैच और रविवार को हैमिल्टन में होने वाला पांचवां T20I भी शामिल है।

ईडन पार्क में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान 40 हजार से ज्यादा दर्शक जुटने का रिकॉर्ड सिर्फ 2 बार बना है। 1982 का वनडे मैचः ऑस्ट्रेलिया के न्यूजीलैंड दौरे के पहले वनडे में करीब 42 हजार दर्शक पहुंचे थे। न्यूजीलैंड ने यह मैच 46 रन से जीता था। उस टीम में रिचर्ड हैडली, जॉन राइट और मार्टिन क्रो जैसे खिलाड़ी शामिल थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुताबिक, भारत के न्यूजीलैंड दौरे के लिए अब तक 1.26 लाख से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं। इनमें से 71 हजार से ज्यादा टिकट टी-20 सीरीज के 5 मैचों के लिए खरीदे गए हैं। सीरीज के तीसरे टी-20 में भारत ने वेलिंगटन में न्यूजीलैंड को 6 विकेट से हराया था। न्यूजीलैंड के 199 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने 13.2 ओवर में जीत हासिल की। अभिषेक शर्मा ने 38 गेंदों पर 113 रन की पारी खेली। उन्होंने 9 चौके और 11 छक्के लगाए। अभिषेक ने वैभव सूर्यवंशी के साथ पहले विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी भी की।

न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच देखने 41 हजार दर्शक पहुंचे थे। ग्रांट एलियट के छक्के की मदद से न्यूजीलैंड ने फाइनल में जगह बनाई थी।

2019 का दर्शक रिकॉर्ड टूटने की उम्मीद

न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुताबिक, चौथे टी-20 में 40 हजार से ज्यादा दर्शक पहुंच सकते हैं। ऐसा होने पर न्यूजीलैंड में द्विपक्षीय सीरीज के किसी मैच में दर्शकों की मौजूदगी का रिकॉर्ड टूट जाएगा। इससे पहले 2019 में ईडन पार्क में भारत के पुरुष और महिला टीमों के डबल-हेडर मुकाबलों को 36,523 दर्शकों ने देखा था।

न्यूजीलैंड क्रिकेट के चीफ मार्केटिंग एंड कमर्शियल ऑफिसर ग्लेन क्रिचली ने कहा कि ईडन पार्क में भरे स्टेडियम के बीच मैच देखने का अनुभव खास होता है। उन्होंने बताया कि सीरीज को लेकर दर्शकों का उत्साह उम्मीद से ज्यादा है। चौथे टी-20 के सभी टिकट बिकना इसकी पुष्टि करता है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की कमाई 3,550 करोड़ के पार

एशेज और भारत सीरीज से 483 करोड़ का मुनाफा

नई दिल्ली, एजेंसी

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (CA) को वित्त वर्ष 2025-26 में 601.1 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब 3,550 करोड़) की आय हुई। बोर्ड को इस दौरान 81.8 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब 483 करोड़) का शुद्ध मुनाफा हुआ।

पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में उसे 11.3 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (करीब 67 करोड़) का घाटा हुआ था।

बोर्ड ने बुधवार को अपनी सालाना रिपोर्ट में बताया कि इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू एशेज टेस्ट सीरीज और भारत के खिलाफ वनडे-T20 सीरीज से मीडिया राइट्स, कमर्शियल डील और मैच के दिन टिकटों की बिक्री से रिकॉर्ड कमाई हुई। स्टेडियम में दर्शकों की रिकॉर्ड संख्या ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई। इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज के 18 दिन के खेल में कुल 8,59,580 दर्शक स्टेडियम पहुंचे। इस दौरान हर दिन औसतन 47,754 दर्शक मौजूद रहे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक, सीरीज में दर्शकों की संख्या से जुड़े कई रिकॉर्ड बने। भारत के खिलाफ अक्टूबर-नवंबर में खेली गई सीरीज से भी बोर्ड को अच्छी कमाई हुई। ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज 2-1 से जीती, जबकि भारत ने T20 सीरीज 2-1 से अपने नाम की।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की टीमों ने मैदान पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। पुरुष टीम ने घरेलू एशेज सीरीज में इंग्लैंड को 4-1 से हराकर ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी।

कोच बोले- जहर खाया, डोपिंग के चलते 4 साल से बैन थे

गोल्ड मेडलिस्ट पैरा एथलीट नीरज यादव की मौत

नई दिल्ली। तीन बार के एशियन पैरा गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट नीरज यादव का मंगलवार रात दिल्ली में निधन हो गया। कोच का दावा है कि उनकी मौत जहर खाने से हुई है। नीरज डोपिंग के चलते 4 साल से प्रतिबंधित थे।

42 साल के नीरज यादव पैरा एथलेटिक्स की एफ-55 कैटेगरी में हिस्सा लेते थे। इसमें खिलाड़ी बैठकर थ्रो करने वाले इवेंट में हिस्सा लेते हैं।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, सोनीपत के एक अपार्टमेंट में घर पर बेहोश मिलने के बाद नीरज को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। दिल्ली के GTB अस्पताल में बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मौत के कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

सुमित अंतिल और विपिन कसाना अस्पताल पहुंचे

नीरज के निधन की खबर मिलने के बाद पैरालिंपिक चैंपियन सुमित अंतिल और पैरा-एथलीट विपिन कसाना GTB अस्पताल पहुंचे। उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

भारत के मुख्य पैरा-एथलेटिक्स कोच एस. सत्यनारायण ने बताया, नीरज पिछले 6 महीने से सोनीपत के एक अपार्टमेंट में अपनी मां और पत्नी से अलग रह रहे थे। उनकी मां और पत्नी दिल्ली-उत्तर प्रदेश बॉर्डर के पास रहती थीं। नीरज ने एक बच्ची को गोद लिया था, जो उनकी मां और पत्नी के साथ रहती थी। नीरज ने 2023 में हांगझोउ एशियन पैरा गेम्स में जेवलिन थ्रो और डिस्कस थ्रो में गोल्ड मेडल जीते थे। इसके कुछ दिन बाद डोपिंग मामले में उन पर 4 साल का बैन लगा दिया गया और उनके मेडल छीन लिए गए थे। कोच के मुताबिक, इस कार्रवाई का असर नीरज को मिलने वाली सरकारी नौकरी पर भी पड़ा। उन्होंने बताया कि नीरज के परिवार का खर्च 2018 एशियन पैरा गेम्स में मिली इनामी राशि से चल रहा था। कोच के मुताबिक, नीरज नागोया एशियन पैरा गेम्स में हिस्सा लेना चाहते थे। उन्होंने पूछा था कि क्या वे ट्रायल्स में हिस्सा ले सकते हैं, लेकिन बैन जारी होने के चलते वे ऐसा नहीं कर सके। कोच ने आशंका जताई कि इस वजह से नीरज भावनात्मक तनाव से गुजर रहे थे।

आईसीसी रैंकिंग में ईशान किशन पहले से तीसरे पर आए, पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान दूसरे नंबर पर

अभिषेक शर्मा बने नंबर 1 टी20 बल्लेबाज

चोट के कारण टीम से बाहर चल रहे हार्दिक पंड्या अब भी सबसे ऊंची रैंकिंग वाले भारतीय ऑलराउंडर बने हुए हैं। वे 184 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 13वें स्थान पर हैं। जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा नंबर-1 और पाकिस्तान के सईम अयूब नंबर-2 ऑलराउंडर हैं।

दुबई, एजेंसी

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे मैच में शतक जमाने वाले भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा ताजा ICC रैंकिंग में दुनिया के नंबर-1 टी-20 बल्लेबाज बन गए हैं। पिछले सप्ताह तक टॉप पर रहे ईशान किशन दो स्थान फिसल कर तीसरे नंबर पर आ गए हैं। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहाज नंबर-2 पर हैं। भारत के कप्तान श्रेयस अय्यर और तिलक वर्मा भी टॉप-10 बल्लेबाजों में शामिल हैं। अय्यर को पांच स्थान का नुकसान हुआ है। वहीं, तिलक वर्मा ने पिछले सप्ताह की रैंकिंग बरकरार रखी है।

अभिषेक ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच में शतकीय पारी खेली थी।

अभिषेक से पहले ईशान ने टी20 रैंकिंग्स पर कब्जा जमाया हुआ था। ईशान जुलाई 2025 से ही नंबर-1 पर बने हुए थे। मगर अभिषेक ने हाल ही में दमदार प्रदर्शन स एक बार फिर नंबर-1 पर कब्जा जमा लिया है।

अक्षर पटेल फिसले, टॉप-10 में कोई भारतीय गेंदबाज नहीं

टीम इंडिया का कोई भी गेंदबाज टॉप 10 में जगह नहीं बना पाया है। अक्षर पटेल एक स्थान फिसलकर 11वें नंबर पर आ गए हैं। अर्शदीप सिंह 15वें और जसप्रीत बुमराह 27वें स्थान पर हैं। अक्षर और अर्शदीप न्यूजीलैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज में खेल रहे हैं। बुमराह को इस सीरीज से आराम दिया गया है।

अफगानिस्तान के राशिद खान नंबर-1 पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा दूसरे और इंग्लैंड के राशिद खान तीसरे स्थान पर हैं।

मनोरंजन

'मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा चैप्टर खत्म'

मुंबई। CID में ACP प्रद्युम्न का किरदार निभाने वाले एक्टर शिवाजी साटम ने शो के निर्माता बीपी सिंह के निधन पर दुख जताया। बीपी सिंह का मंगलवार को हार्ट अटैक के बाद निधन हो गया। शिवाजी साटम ने उन्हें अपना मेंटर, दोस्त और शिक्षक बताया। उन्होंने कहा कि बीपी सिंह के निधन के बाद उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा चैप्टर खत्म हो गया।

CID में दया का किरदार निभाने वाले दयानंद शेट्टी और फिल्ममेकर अशोक पंडित ने भी बीपी सिंह को श्रद्धांजलि दी।

शिवाजी साटम ने वैरायटी इंडिया को दिए इंटरव्यू में कहा,आज मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा चैप्टर खत्म हो गया। वह महान इंसान और अच्छे दोस्त थे। मैंने उनसे सब कुछ सीखा। मैं थिएटर से आया था और

निर्माता बीपी सिंह के निधन पर सीआईडी के एसीपी प्रद्युम्न हुए इमोशनल, बोले- उन्हें पद्मश्री मिलना चाहिए था

स्टेज पर एक्टिंग करना जानता था। लेकिन बीपी सिंह ने मुझे कैमरे के सामने एक्टिंग करना सिखाया।

साटम ने बताया कि CID की टीम ने एक ही टेक में 111 मिनट लंबा एपिसोड शूट कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था।

अब आसानी से नहीं मिलेगी जमानत, वसूली और दहशत फैलाने के लिए बनाया था निशाना

टाइगर श्रॉफ फायरिंग केस सभी आरोपियों पर लगा एमकोका

मुंबई। मुंबई क्राइम ब्रांच ने एक्टर टाइगर श्रॉफ की कार पर हुई फायरिंग मामले में सभी आरोपियों पर महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट (MCOCA) लगाया है।

रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई क्राइम ब्रांच के डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस राज तिलक रौशन ने बताया कि सक्षम अधिकारी की मंजूरी के बाद संगठित अपराध से जुड़े एक्ट की धाराएं जोड़ी गई हैं।

18 अक्टूबर को टाइगर की कार पर हुई फायरिंग के एक दिन बाद, 19 अक्टूबर को मामले में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 109(1) यानी हत्या के प्रयास और धारा 3(5) यानी साझा मंशा के साथ आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत FIR दर्ज की गई थी।

पुलिस के मुताबिक, अनिल पंडित इस मामले में मुख्य आरोपी है। उसने सोशल मीडिया के जरिए अभिनेता पर हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा किया था। उसे लॉरेंस गैंग का कथित ऑपरेटिव बताया जा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 27 अक्टूबर को सभी आरोपियों पर MCOCA की धारा 3(1)(ii), 3(2) और 3(4) भी जोड़ दी गई हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई क्राइम ब्रांच ने फायरिंग के पीछे की वजह बताई। पुलिस के मुताबिक, यह फायरिंग पैसे वसूलने, गैंग का दबदबा बढ़ाने और लोगों में डर पैदा करने के लिए की गई थी।

अब तक 11 आरोपी गिरफ्तार

फायरिंग के बाद मौके से फरार हुए तीन आरोपियों फूल सिंह, रेहान अंसारी और ऋतिक महतो को 19 अक्टूबर को कोटा रेलवे स्टेशन पर जयपुर जा रही ट्रेन से गिरफ्तार किया गया था। अगले दिन दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कथित हथियार सप्लायर राधा वर्मा, बबीता राव, कुणाल और सुमित सरोलिया को गिरफ्तार किया। इसके बाद लॉजिस्टिक मदद और फंडिंग करने के आरोप में सरपंच खटक उर्फ अंकित, समीर खत्री और जतिन पंचाल को सोनीपत से गिरफ्तार किया गया। बाद में प्रांजल ठकराल को इंदौर से पकड़ा गया। इस तरह मामले में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या 11 हो गई है।

एक्टर इमरान 2 नवंबर तक देश में रह सकेंगे

केंद्र के नोटिस पर हाईकोर्ट की रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

अभिनेता इमरान खान को भारत छोड़ने के आदेश पर बॉम्बे हाईकोर्ट से 2 नवंबर दोपहर 3 बजे तक के लिए अंतरिम राहत मिल गई है।

इमरान 10 अक्टूबर को SIR के विरोध में मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में कॉकरोच पार्टी के प्रदर्शन में पहुंचे थे।

एक्टर आमिर खान के भांजे इमरान अमेरिकी नागरिक और OCI कार्ड धारक हैं, इसलिए वह भारत में किसी भी विरोध प्रदर्शन में भाग नहीं ले सकते। इस पर FRRO ने उन्हें नोटिस जारी करके 28 अक्टूबर तक देश छोड़कर जाने को कहा था।

इमरान खान ने इस नोटिस को मनमाना बताते हुए इसके खिलाफ

याचिका दायर की थी। इस पर चीफ जस्टिस महेश चंद्र त्रिपाठी और जस्टिस अद्वैत सेठना की पीठ ने सुनवाई की। कोर्ट में केंद्र सरकार ने कहा कि अगली सुनवाई तक अभिनेता के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। लीगल पोर्टल बार एंड बेंच के मुताबिक, सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (ASG) ने जवाब दाखिल करने के लिए और समय मांगा।

विवेक अग्निहोत्री करेंगे डायरेक्ट, पहलगाम आतंकी हमले के बाद की घटनाओं पर आधारित होगी कहानी

फिल्म 'ऑपरेशन सिंदूर' में कार्तिक निभाएंगे लीड रोल

नई दिल्ली, एजेंसी

एक्टर कार्तिक आर्यन डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री की अपकमिंग फिल्म 'ऑपरेशन सिंदूर' में लीड रोल निभाएंगे। वैरायटी इंडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है। फिल्म लेफ्टिनेंट जनरल के.जे.एस. 'टाइनी' ढिल्लों की किताब 'ऑपरेशन सिंदूरः द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ इंडियाज डीप स्ट्राइक्स इनसाइड पाकिस्तान' पर आधारित होगी। विवेक अग्निहोत्री ने मार्च में सोशल मीडिया पर इस फिल्म का ऐलान किया था। उन्होंने बताया था कि फिल्म की कहानी पहलगाम आतंकी हमले के बाद की घटनाओं पर आधारित होगी। इसके लिए भारतीय सेना की अलग-अलग टीमों के साथ मिलकर रिसर्च की गई है।

जनरल के.जे.एस. 'टाइनी' ढिल्लों के साथ विवेक ने तस्वीर शेयर की थी।

विवेक के मुताबिक, फिल्म में उस सैन्य अभियान की कहानी दिखाई जाएगी, जिसका असर पूरे इलाके की सुरक्षा पर पड़ा। फिल्म में असली घटनाओं को तथ्यों के साथ दिखाने की कोशिश की जाएगी।

फिल्म को लेकर भूषण कुमार ने कहा था कि यह कहानी खुद सामने आई है और इसे जिम्मेदारी के साथ दिखाना जरूरी है। उन्होंने इसे देश की एक अहम घटना को दर्ज करने की कोशिश बताया। कार्तिक इन दिनों शिमित अमीन की फिल्म 'कैप्टन इंडिया' की शूटिंग कर रहे हैं। यमन में हूती संघर्ष की पृष्ठभूमि पर बनी इस फिल्म की शूटिंग पूरी करने के बाद वह 'ऑपरेशन सिंदूर' पर काम शुरू करेंगे।

'ऑपरेशन सिंदूर' पर बनने वाली फिल्म भूषण कुमार की टी-सीरीज और विवेक अग्निहोत्री की 'आई एम बुद्धा' प्रोडक्शंस का पहला बड़ा कोलैबोरेशन है।

कार्तिक की अगली फिल्म 'नागजिला' 12 फरवरी 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। करण जौहर और महावीर जैन के निर्माण में बन रही इस फिल्म का निर्देशन मृगदीप सिंह लांबा कर रहे हैं। इससे प्रीति मुखुंदन हिंदी फिल्मों में डेब्यू करेंगी। इसके अलावा, अनुराग बसु के निर्देशन में बन रही कार्तिक और श्रीलीला की अनटाइटल्ड म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म 30 अप्रैल 2027 को रिलीज होगी। इस फिल्म के निर्माता भूषण कुमार हैं। कार्तिक, कबीर खान के साथ एक अनटाइटल्ड बायोग्राफिकल स्पोर्ट्स ड्रामा में भी काम कर रहे हैं। यह फिल्म कश्मीर की युवा खिलाड़ी तजामुल इस्लाम की जिंदगी से प्रेरित है, जो दो बार किकबॉक्सिंग में विश्व चैंपियन बन चुकी हैं। फिल्म का सह-निर्माण अप्लॉज एंटरटेनमेंट और कार्तिक आर्यन करेंगे।

ऑपरेशन सिंदूर मई 2025 में हुआ था

ऑपरेशन सिंदूर 7 मई 2025 को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई थी। यह कार्रवाई 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद की गई थी, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी। ऑपरेशन सिंदूर का मकसद हमले के जिम्मेदार आतंकी ठिकानों को नष्ट करना था।

टी-सीरीज और आई एम बुद्धा प्रोडक्शंस करेंगे निर्माण

फिल्म का निर्माण भूषण कुमार की टी-सीरीज और विवेक अग्निहोत्री के बैनर आई एम बुद्धा प्रोडक्शंस मिलकर करेंगे। यह पहली बार है, जब विवेक अग्निहोत्री और कार्तिक आर्यन किसी फिल्म में साथ काम करेंगे। विवेक इससे पहले 'द ताशकंद फाइल्स', 'द कश्मीर फाइल्स', 'द वैक्सीन वॉर' और 'द बंगाल फाइल्स' जैसी फिल्में निर्देशित कर चुके हैं।

इसके अलावा, कार्तिक के पास अनीस बज्मी की 'भूल भुलैया 4' और करण जौहर की 'कालिया' भी हैं।



नाबालिग चाकू लेकर पहुंचा, 'अल्लाहु अकबर' का नारा लगाकर अटैक किया, पुलिस ने मार गिराया

सर्बिया में इजराइली दूतावास के बाहर पुलिसकर्मी पर हमला

जांच

बेलग्रेड, एजेंसी

सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में बुधवार को इजराइली दूतावास के बाहर एक नाबालिग ने दो चाकू लेकर पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया। उसने 'अल्लाहु अकबर' का नारा लगाया। जवाब में पुलिसकर्मी ने गोली चलाई, जिससे हमलावर की मौत हो गई। घटना के बाद सर्बिया में सुरक्षा का स्तर बढ़ाकर रेड कर दिया गया, जो देश में खतरे का सबसे ऊंचा स्तर है।

सर्बिया में रविवार को संसदीय चुनाव हुए थे। करीब दो साल से चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बाद युवाओं के नेतृत्व वाले आंदोलन ने पूर्व राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुचिच के खेमे को हरा दिया।

हालांकि, अभी नई सरकार नहीं बनी है। ऐसे में वुचिच और उनके सहयोगियों का पुलिस पर नियंत्रण बना हुआ है। छात्र गठबंधन 'स्टूडेंट लिस्ट, स्टूडेंट्स विन' पार्टी को चुनाव से महज 40 दिन पहले ही मान्यता मिली थी। इसके बावजूद पार्टी ने 141 उम्मीदवारों में एक भी छात्र नहीं है। पार्टी ने छात्रों के बजाय एथलीट, किसानों और आम लोगों को चुनाव मैदान में उतारा था। इन उम्मीदवारों का चयन छात्रों ने खुद किया था। चुनाव लड़ने के लिए जरूरी पैसे जुटाने के लिए छात्रों ने क्राउड फंडिंग का सहारा लिया। पार्टी के जीतने वाले उम्मीदवारों में करीब 65% के पास डॉक्टरेट या उससे बड़ी डिग्री है।

सर्बिया के बेलग्रेड में इजराइली दूतावास के बाहर तैनात सुरक्षा बलों के जवान।

दो साल में दूसरी बार दूतावास के बाहर हमला

इजराइल का दूतावास बेलग्रेड के एक महंगे इलाके में स्थित है। इसके पास ही अमेरिकी दूतावास भी है। इजराइली दूतावास की सुरक्षा के लिए पुलिस की एक विशेष यूनिट तैनात रहती है। इसके जवानों के पास ऑटोमैटिक हथियार होते हैं।

बेलग्रेड में इजराइली दूतावास के बाहर सुरक्षा कर्मियों पर हमले की यह दो साल में दूसरी घटना है। इससे पहले जून 2024 में एक हमलावर ने क्रॉसबो यानी तीर चलाने वाले हथियार से सर्बियाई पुलिस अधिकारी की गर्दन पर हमला किया था।

इजराइली दूतावास के पास एक शव की जांच करते फॉरेंसिक पुलिस अधिकारी।

हमलावर का आईएसआईएस का समर्थक होने का शक

सर्बिया के कार्यवाहक गृह मंत्री इविका डाचिच ने बताया कि हमले में पुलिसकर्मी के सिर पर मामूली चोट आई है। उन्होंने कहा कि घटना के बाद अहम जगहों पर पुलिस की तैनाती बढ़ाई जाएगी।

AP के मुताबिक, सुरक्षा एजेंसियां पहले से ही हमलावर पर नजर रख रही थीं। उस पर आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (ISIS) का समर्थक होने का शक था। आरोप है कि उसने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ISIS का काला झंडा भी दिखाया था।

अधिकारियों ने इस घटना की जांच आतंकी हमले के तौर पर शुरू की है। गृह मंत्री के मुताबिक, हमलावर नाबालिग था और उसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है।

स्पेन में बड़ा रेल हादसा दो हाई स्पीड ट्रेनों में भीषण टक्कर

टोलेडो प्रांत में हुई टक्कर से रेल सेवाएं बाधित

मैड्रिड, एजेंसी

सेंट्रल स्पेन में दो ट्रेनों के बीच जोरदार टक्कर हुई है। स्पेन के रेल सिस्टम ऑपरेटर ADIF ने कहा कि यह टक्कर बुधवार सुबह टोलेडो प्रांत में हुई। ब्रिटिश समाचार एजेंसी द इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के मुताबिक, स्पेन में दो हाई-स्पीड ट्रेनों की टक्कर में करीब 39 लोगों की मौत की खबर सामने आई है। TVE की रिपोर्ट के मुताबिक, यह हादसा एक ही दिशा में जा रही दो हाई-स्पीड ट्रेनों के बीच हुआ और एक दूसरी के पिछले हिस्से से टकरा गई, जिससे उसके दो डिब्बे पटरी से उतर गए। पास के शहर उर्दा के मेयर, मैनुअल गैलन ने स्पैनिश सरकारी ब्रॉडकास्टर TVE को बताया कि कई यात्री घायल हुए हैं। घायलों के इलाज के लिए सिविल प्रोटेक्शन अधिकारियों ने उनके टाउन हॉल से एक स्पोर्ट्स पवेलियन तैयार करने को कहा है। पास के एक और गांव के मेयर, लॉस येबेनेस के जीसस पेरेज ने TVE को बताया कि ऐसा लग रहा है कि हादसा काफी भयानक था। कैस्टिला ला मांचा के रीजनल प्रेसिडेंट एमिलियानो गार्सिया-पेज ने एक्स पर लिखा कि वह क्रैश साइट पर जा रहे हैं। एडिफ (Adif) ने बुधवार को एक्स पर एक संदेश में बताया, 'दो ट्रेनों के आपस में टकराने के बाद मैड्रिड-अंडालूसिया हाई-स्पीड रेल लाइन पर यातायात रोक दिया गया है।' कैस्टिला ला मांचा क्षेत्र के एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि सुबह 9 बजे (0800 GMT) के तुरंत बाद रेनफे (Renfe) और इर्यो (Iryo) की ट्रेनें आपस में टकरा गईं, जिससे इर्यो ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए।

फास्ट न्यूज

'यह यूएस है, आपकी कम्युनिस्ट तानाशाही नहीं'

वाशिंगटन। संयुक्त राष्ट्र महासभा में उस समय भारी हंगामा और तीखी नोकझोंक देखने को मिली, जब अमेरिकी राजदूत माइक वॉल्ट्ज के संबोधन के दौरान क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिग्ज पोडियम की ओर बढ़ने लगे। इस पर वॉल्ट्ज ने सख्त लहजे में क्यूबाई राजनयिक को रोकते हुए कहा, 'पीछे हटिए!' यह विवाद क्यूबा पर दशकों पुराने अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने के प्रस्ताव पर होने वाले मतदान से पहले वार्षिक बहस के दौरान हुआ।

नशीली दवा देकर पति दूसरों संग करवाता था पत्नी का रेप

लंदन। यूके के विनचेस्टर क्राउन कोर्ट में चार लोगों पर महिला के साथ दुर्व्यवहार करने का मुकदमा चल रहा है। इन पर एक महिला के साथ बलात्कार/ यौन उत्पीड़न करने का आरोप है। आरोप है कि महिला के पूर्व पति ने उसे नशीला पदार्थ दिया। उसके साथ हुए दुर्व्यवहार का वीडियो बनाया और उसकी जानकारी के बिना उसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर डाल दिया। 48 वर्षीय नॉर्मन मैक्सोनी, 62 वर्षीय रिचर्ड विल्किंस, 32 वर्षीय कॉनर सैंडरसन-डॉयल और 38 वर्षीय मोहम्मद हसन ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया है।

फ्लाईदुबई फ्लाइट के हीरो कैप्टन स्मित मच्छर का यूएई में सम्मान

दुबई। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने मंगलवार को कैप्टन स्मित मच्छर और फ्लाईदुबई की फ्लाइट एफजड1073 के क्रू सदस्यों को 'फर्स्ट-क्लास ऑर्डर ऑफ जायद II' से सम्मानित किया। दुनिया भर से मिल रही तारीफ के बीच कैप्टन को ये सम्मान मिला है। कैप्टन मच्छर को उड़ान के दौरान हुई एक गंभीर आतंकी घटना में यात्रियों की सुरक्षा के लिए दिखाए गए साहस और प्रयासों के लिए ये दिया गया है।

सोमालिया में अल-कायदा से जुड़े अल-शबाब ग्रुप ने 20 जवान किए ढेर

मोगादिशु, एजेंसी

इस्लामी चरमपंथी लड़ाकों ने हमले में सोमालिया के कम से कम 20 सैनिकों को मार डाला। ये हमला चरमपंथी लड़ाकों ने घात लगाकर किया है। हमले में बचे एक सैन्य अधिकारी ने यह जानकारी दी।

सरकार ने सैन्य वाहनों को नुकसान पहुंचने की बात तो स्वीकार की लेकिन सैनिकों के हताहत होने के बारे में कोई भी जानकारी नहीं दी। अल-कायदा से जुड़े अल-शबाब समूह ने दक्षिणी सोमालिया के जामीका गांव के पास सोमवार को हुए इस हमले की जिम्मेदारी ली है। ये समूह लगभग दो दशकों से सोमालिया की सरकार के खिलाफ लड़ रहा है।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कई घंटों तक चली लड़ाई में उनके सैनिकों ने लगभग 75 आतंकवादियों को मार गिराया और 56 को घायल कर दिया। वहीं, अल-शबाब ने दावा किया कि उसने कुल 321 सैनिकों को मार डाला है और कुछ सैनिकों को बंदी बनाने के साथ-साथ सैन्य उपकरण भी जब्त किए हैं। हताहतों की संख्या और पकड़े गए सैनिकों एवं उपकरणों के दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

काफिले के साथ जा रहे एक सैन्य अधिकारी, अब्शीर अब्दीकरीम ने मंगलवार देर रात फोन पर 'द एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि हमले के बाद उन्होंने अपने कम से कम 20 साथी सैनिकों के शव देखे। उन्होंने बताया कि सैनिक लीगो से आगे बढ़कर बे क्षेत्र के बुरहाकाबा जिले में जामीका पहुंचे, जहां उनकी आतंकवादियों के साथ भारी गोलीबारी हुई। उन्होंने कहा कि पहले लापता बताए गए कुछ सैनिक मंगलवार को बालेडोगले पहुंच गए, जबकि बाकी सैनिकों का अभी भी कोई पता नहीं है।

पत्नी और दो बेटियां भी साथ, सरकार ने पासपोर्ट रद्द किया, अमेरिका में मांग सकते हैं राजनीतिक शरण

ब्राजील में राष्ट्रपति चुनाव हारने वाले बोल्सोनारो अमेरिका भागे

ब्राजीलिया, एजेंसी

ब्राजील में राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद दक्षिणपंथी नेता फ्लावियो बोल्सोनारो अमेरिका रवाना हो गए हैं। रॉयटर्स के मुताबिक, फ्लावियो के एक सहयोगी ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। सरकार ने उनका पासपोर्ट भी रद्द कर दिया है।

एक अमेरिकी अधिकारी ने भी रॉयटर्स को बताया कि फ्लावियो अमेरिका आ रहे हैं। उनकी पत्नी और दो बेटियां भी साथ हैं। वे अमेरिका में राजनीतिक शरण मांग सकते हैं।

फ्लावियो रविवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव में मौजूदा राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से हार गए थे। नतीजा काउंटिंग के दूसरे चरण में आया जिसमें फ्लावियो को 48% और लूला को 52% वोट मिले। पहले चरण में किसी को भी 50% वोट नहीं मिले थे। हार के बाद फ्लावियो ने नतीजों को स्वीकार नहीं किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा है कि बोल्सोनारो अमेरिका आना चाहें तो वे इसकी मंजूरी दे देंगे। ट्रम्प ने उन्हें अच्छा इंसान बताया और ब्राजील के चुनाव को अजीब और बेहद खराब करार दिया। ट्रम्प ने इससे पहले ब्राजील के चुनाव नतीजों पर सवाल उठाए थे। उन्होंने बिना सबूत चुनाव में धांधली का दावा किया।

ब्राजील में राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे दौर में हार के बाद मीडिया से बात करते लिबरल पार्टी के उम्मीदवार फ्लावियो बोल्सोनारो। तस्वीर 25 अक्टूबर 2026 की है।

फ्लावियो ने अपने चुनाव अभियान के दौरान अमेरिका के साथ रिश्ते मजबूत करने का वादा किया था। वहीं, लूला ने ट्रम्प पर ब्राजील के चुनाव में दखल देने का आरोप लगाया है। फ्लावियो के अमेरिका जाने की खबरों के बीच यह भी कहा गया कि वे पहले अर्जेंटीना पहुंचे थे। अर्जेंटीना में उनके करीबी सहयोगी और दक्षिणपंथी राष्ट्रपति जेवियर मिलेई की सरकार है।

पासपोर्ट जमा नहीं किया, पुलिस ने जांच शुरू की

फ्लावियो को सोमवार को ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट ने 24 घंटे के भीतर पासपोर्ट जमा करने का आदेश दिया था। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार, मनी लॉन्ड्रिंग और टैक्स चोरी के मामलों में जांच चल रही है। पुलिस को आशंका थी कि वे जांच से बचने के लिए देश छोड़ सकते हैं। मंगलवार सुबह 11 बजे तक फ्लावियो ने पासपोर्ट जमा नहीं किए। पुलिस को उनके देश छोड़कर भागने का शक हुआ। इसके बाद उनकी तलाश शुरू कर दी गई। मंगलवार शाम तक पासपोर्ट जमा नहीं होने पर अधिकारियों ने उनके पासपोर्ट रद्द कर दिए।

पिता भी चुनाव हारने के बाद अमेरिका गए थे

फ्लावियो के पिता और ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जैर बोल्सोनारो ने भी 2022 में लूला से चुनाव हारने के बाद नतीजों को स्वीकार नहीं किया था। वे अमेरिका चले गए थे और लंबे समय तक वहीं रहे। बाद में ब्राजील लौटने पर उन्हें तख्तापलट की साजिश रचने के मामले में गिरफ्तार किया गया और 27 साल जेल की सजा सुनाई गई।

फ्लावियो के छोटे भाई एडुआर्डो बोल्सोनारो भी अमेरिका में रहते हैं। उन्होंने चुनाव से पहले कहा था कि अगर फ्लावियो चुनाव हारते हैं, तो उन्हें ब्राजील छोड़ देना चाहिए।

विपक्ष ने चेताया, कहा- भारत को खतरा लगा तो नतीजा भुगतना पड़ेगा

पाकिस्तान के करीब जा रहे मालदीव राष्ट्रपति

माले, एजेंसी

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पाकिस्तान से बढ़ते रिश्तों पर देश में विरोध शुरू हो गया है। मुइज्जू 20 से 22 अक्टूबर तक पाकिस्तान के दौरे पर थे। इस दौरान दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार, रक्षा और समुद्री सुरक्षा समेत 20 समझौते हुए।

इसे लेकर पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने चेतावनी दी है कि अगर भारत को अपनी सुरक्षा पर खतरा लगा, तो मालदीव को इसके गंभीर नतीजे भुगतने पड़ सकते हैं।

मालदीव के विपक्षी दल मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (MDP) के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने 25 अक्टूबर को अड्डू सिटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुइज्जू के पाकिस्तान दौरे की आलोचना की। नशीद ने आरोप लगाया कि मुइज्जू ने भारत-पाकिस्तान के लंबे समय से चले आ रहे तनाव को नजरअंदाज किया और मालदीव को दोनों देशों के विवाद के बीच ला खड़ा किया। न्यूज आउटलेट सन ऑनलाइन के मुताबिक उन्होंने कहा कि ऐसे हालात में छोटे देशों, खासकर मालदीव के लिए खतरे ज्यादा होते हैं लेकिन राष्ट्रपति ने इन जोखिमों पर ध्यान नहीं दिया।

मुइज्जू के पाकिस्तान दौरे पर भारत ने भी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 24 अक्टूबर को कहा कि भारत दोनों देशों के बीच हुए समझौतों पर करीब से नजर रख रहा है। भारत के लिए मालदीव रणनीतिक रूप से अहम है। यह देश हिंद महासागर के उन समुद्री रास्तों के करीब है, जहां से अंतरराष्ट्रीय व्यापार होता है। ऐसे में वहां रक्षा और समुद्री सुरक्षा से जुड़े बदलाव भारत के लिए भी मायने रखते हैं।

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने 21 अक्टूबर को मुलाकात की थी।

पूर्व विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने भी दौरे की आलोचना की। शाहिद ने आरोप लगाया कि मुइज्जू फिर से भारत विरोधी अभियान शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने 2023 में भी इसी तरह की राजनीति की थी।

मालदीव के राष्ट्रपति की 11 साल बाद पाकिस्तान यात्रा

मुइज्जू का यह दौरा 11 साल में किसी मालदीवी राष्ट्रपति की पहली पाकिस्तान यात्रा थी। दोनों देशों ने अगले दो साल में आपसी व्यापार को करीब 1.3 करोड़ डॉलर से बढ़ाकर 20 करोड़ डॉलर करने पर भी सहमति जताई है। इस दौरान प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने जम्मू-कश्मीर और सिंधु जल संधि पर पाकिस्तान का पक्ष रखा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद अप्रैल 2025 में भारत ने सिंधु जल संधि स्थगित कर दी थी। पाकिस्तान ने भारत के इस फैसले का विरोध किया है।

अनंत की स्पीच पर भावुक हुए मुकेश अंबानी

जियो शेयर लिस्टिंग के इवेंट में परिवार के साथ मौजूद थे

नई दिल्ली, एजेंसी

जियो प्लेटफॉर्म्स का शेयर 1,358 पर लिस्ट हुआ है, जो इसके 1,119 के इश्यू प्राइस से 21% ज्यादा है। लिस्टिंग के मौके पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी भावुक हो गए, जब उनके बेटे अनंत ने जियो की कामयाबी की कहानी बताई।

जियो प्लेटफॉर्म्स का मार्केट कैप 12.50 लाख करोड़ रुपए हो गया है। यह रिलायंस के बाद मार्केट कैप के हिसाब से देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी बन गई है। रिलायंस का मार्केट कैप 16 लाख करोड़ रुपए है। एयरटेल का मार्केट कैप 12.20 लाख करोड़ रुपए हैं।

जियो की लिस्टिंग के मौके पर अनंत अंबानी ने रिलायंस की विरासत और लोगों के प्यार को याद करते हुए कहा, रजियो को पूरे देश का आशीर्वाद मिला है। मां ने कहा 'जियो मेरे लाल', दादी ने कहा 'जुग जुग जियो' और दोस्तों ने कहा 'जियो यार'।र उन्होंने कहा कि जियो को भारत की जनता ने बनाया है और देश के लोगों के सपनों को पूरा करना ही उनका असली सपना है।

मार्केट एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अगर आपने सिर्फ लिस्टिंग गेन के लिए पैसा लगाया है, तो लिस्टिंग के दिन मुनाफा वसूलना सही स्ट्रैटेजी होगी। लॉन्ग-टर्म इन्वेस्टर्स को शेयर को पोर्टफोलियो में होल्ड करने की सलाह है। एक्सपर्ट्स को उम्मीद है कि कंपनी का शेयर कुछ समय में 1,500 से 1,800 तक जा सकता है।

सम्मान : दुबई प्रिंस बोले- वे हमारी पहचान हैं, प्लेन क्रैश कराने की कोशिश नाकाम की थी

पायलट मच्छर को यूएई का सम्मान, राष्ट्रपति ने गले लगाया

अबू धाबी, एजेंसी

UAE ने फ्लाईदुबई की फ्लाइट को क्रैश से बचाने वाले भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छर को 'जायद II- फर्स्ट क्लास' से सम्मानित किया। इस दौरान UAE के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने मच्छर को गले लगाया। दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान ने स्मित को अपने देश की पहचान बताया। जायद-II, UAE के सबसे बड़े सम्मानों में से एक है।

फ्लाईदुबई फ्लाइट के पायलट मच्छर ने 30 सितंबर को प्लेन क्रैश कराने की कोशिश नाकाम कर दी थी। यह प्लेन दुबई से तेल अवीव जा रही था। इस दौरान को-पायलट ने उन पर हमला कर दिया था।

दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा,कैप्टन स्मित मच्छर ने हिम्मत, जिम्मेदारी और इंसानी जान की परवाह करने की मिसाल पेश की। हमें गर्व है कि वे हमारी टीम का हिस्सा हैं, हमारे देश की कहानी का हिस्सा हैं और UAE की पहचान का हिस्सा हैं।

कैप्टन स्मित मच्छर को दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान ने UAE का जायद II सम्मान दिया।

कैप्टन मच्छर जब चोटों का इलाज करा रहे थे, तब दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान उनसे मिलने पहुंचे थे। उन्होंने कैप्टन की हिम्मत और लोगों की जान बचाने के प्रयासों की तारीफ की थी। 30 सितंबर को फ्लाईदुबई की फ्लाइट FZ1073 दुबई से तेल अवीव जा रही थी। इसी दौरान विमान के को-पायलट ने कॉकपिट में कैप्टन मच्छर पर हमला कर दिया। हमले में कैप्टन घायल हो गए। उन्होंने बताया था कि को-पायलट ने सिर पर कई वार किए। को-पायलट ने विमान को गिराने की कोशिश में कैप्टन पर कॉकपिट में ही मौजूद इमरजेंसी कुल्हाड़ी से हमला किया था। इस दौरान मच्छर ने विमान से हाईजैक का संकेत भी भेजा था।

फ्लाइट में हुए हमले में कैप्टन मच्छर गंभीर रूप से घायल थे। यह तस्वीर 30 सितंबर को उन्हें अस्पताल ले जाते समय की है। फ्लाइट में हुए हमले में कैप्टन मच्छर गंभीर रूप से घायल थे। यह तस्वीर 30 सितंबर को उन्हें अस्पताल ले जाते समय की है।

यूएई के नेताओं ने कहा- कैप्टन मच्छर पर गर्व है

राष्ट्रपति बिन जायद ने फ्लाइट के क्रू के सदस्यों को भी सम्मानित किया। इस दौरान UAE के उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और दुबई के शासक शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम भी मौजूद थे।

UAE के नेताओं ने कैप्टन मच्छर और क्रू के सदस्यों की हिम्मत और जिम्मेदारी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि मुश्किल हालात में भी क्रू ने यात्रियों की सुरक्षा को सबसे ज्यादा महत्व दिया।

दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान 3 अक्टूबर को कैप्टन स्मित से अस्पताल में मिलने गए थे।

इजरायल चुनाव में जीत की ओर नेतन्याहू, ट्रंप ने लिया क्रेडिट

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि उनके समर्थन से इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को इजरायल के 26वें नेसेट (संसद) चुनाव में पासा पलटने में मदद मिली, जिससे मौजूदा प्रधानमंत्री का प्रदर्शन उम्मीद से कहीं बेहतर रहा।

शुरुआती नतीजों में नेतन्याहू का गुट आगे तो है, लेकिन सरकार बनाने के लिए जरूरी बहुमत से पीछे रह गया है। सुबह 7:58 बजे तक 57.3% मतपेटियों की गिनती के बाद केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा जारी शुरुआती नतीजों में नेतन्याहू समर्थक गुट को 55 सीटें मिलती दिख रही हैं, जबकि नेतन्याहू विरोधी गुट को 49 सीटें मिल रही हैं।

अरब पार्टियों के 16 सीटें जीतने का अनुमान है। वहीं, 'रिजर्विस्ट्स' (2.6% वोट), 'पीपल ऑफ इजरायल' (1.7% वोट) और 'चारेदी पब्लिक' (0.2% वोट) जैसी पार्टियां 3.25% की उस न्यूनतम सीमा (इलेक्टोरल थ्रेशोल्ड) को पार नहीं कर पाईं, जो नेसेट में प्रवेश के लिए जरूरी है।

सैनिकों सहित अन्य लोगों के वे वोट जो दोहरे लिफाफों (डबल एनवेलप) में डाले गए थे उनकी गिनती बाद में की जाती है। बुधवार को ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर इरविंग सी. श्वार्ट्ज की एक टिप्पणी शेयर की, जिसमें कहा गया था, 'जब राष्ट्रपति ट्रंप ने बीबी नेतन्याहू का समर्थन किया, तो पूरा पासा ही पलट गया। अब एक महान प्रधानमंत्री की करारी हार के बजाय, ऐसा लग रहा है कि नेतन्याहू ने पीछे रहने के बावजूद जोरदार वापसी की है यह एक तरह का गतिरोध है, या यूं कहें कि नेतन्याहू की जीत ही है।'

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96